# ईद उल फितर आज

## चाँद के दीदार के साथ ईद का किया गया एलान, ईदगाह में अदा की जाएगी ईद की विशेष नमाज

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**सेवईयों में लिपटी मोहब्बत की मिठास का नाम है ईदउल फितर ,एक माह तक रोजा रख एक अल्लाह की इबादत करने वाले रोजेदारों को अल्लाह का इनाम है ईदउल फितर। ईदउल फितर का यह त्यौहार ना सिर्फ इस्लाम धर्म के सच्चे मायने को बताता है बल्कि यह त्यौहार देश की एकता, अखंडता व आपसी भाईचारे का भी एक बड़ा प्रतीक माना गया है। ईदउल फितर का यहां त्यौहार शनिवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा धार्मिक मान्यता के अनुरूप मनाया जाएगा।जिसका ऐलान शुक्रवार शाम को चांद की तजदिक के साथ कर दिया गया है।जहा अब सभी को इंतेजार शनिवार की सुबह का है।**





### चांद के दीदार के साथ छाया ईद का खुमार

शुक्रवार शाम को ईद का चांद नजर आते ही मुस्लिम धर्मावलंबियों में खुशी का माहौल है वहीं ईद मनाने को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।शुक्रवार शाम को रोजा इफ्तार के बाद बच्चों में चांद का दीदार करने की काफी उत्सुकता देखी गई। जहां चांद के दीदार के बाद जिले की विभिन्न मस्जिदों से शनिवार को ईद उल फितर का त्यौहार मनाने का ऐलान कर दिया गया।जिसके बाद से ही ईद की बधाई देने का दौर शुरू हो गया।जहां लोग देर रात तक एक दूसरे को ईद की बधाई देते नजर आए।

### ईदगाह में अदा की जाएगी ईद की नमाज

हर बार की तरह इस बार भी ईद की नमाज जिले भर में ईदगाहो मस्जिदों व मदरसों में सामूहिक रूप से अदा की जाएगी, जबकि नगर में ईद की विशेष नमाज पिछली बार की तरह इस बार भी मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह में अदा करेंगे।वही जामेआ नूरिया मदरसा में भी ईद की नमाज होगी।जिसका ऐलान जिले की तमाम मस्जिदों से कर दिया गया है।

### रात भर दिखी चहल-पहल

ईद का चांद नजर आते ही मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में काफी चहल-पहल देखी गई। जहां लोग एक दूसरे को ईद की बधाई देते नजर आए। वहीं विभिन्न लोगों को ईद की तैयारियों को लेकर बचे हुए काम करते हुए देखा गया। वही सुबह ईद की खुशी में शामिल होने के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में रात भर चहल-पहल देखी गई।

### सोशल मीडिया पर छाया रहा बधाईयो का सिलसिला

शुक्रवार शाम को ईद का चांद नजर आने पर ज्यादातर मुस्लिम युवाओं ने एक दूसरे को मस्जिदों व घरों में आकर बधाई दी। वही बधाई देने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग किया गया। जहां फोन कॉल, टैक्सट मैसेज, फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर, इंस्टाग्राम, ईमेल, जीमेल सहित सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर लोगों ने एक दूसरे को ईद की बधाइयां दी। वही मोबाईल में ईद के स्टेटर्स भी लगाए।वही ईद मुबारक को लेकर तरह-तरह के फोटोग्राफ्स वीडियो और वॉइस मैसेज एक दूसरे को भेज कर ईद की बधाईयां दी गई।

### ईदगाह और मस्जिदो में अदा होगी ईद की नमाज

ईद का चांद नजर आते ही मुस्लिम बहुल इलाकों में हर्षोल्लास का माहौल है ।जहां इसी माहौल के बीच शनिवार की सुबह जिले की विभिन्न मस्जिदों व ईदगाहों में ईद उल फितर की नमाज सामूहिक रूप से अदा कर, देश में अमन चैन शांति की सामूहिक रूप से दुआएं मांगी जाएगी। नगर में ईद की सामूहिक नमाज सुबह 8-30 बजे पुलिस लाइन स्थित ईदगाह में होगी। तो वही मस्जिद ए आला हजरत जामिआ नूरिया मदरसा में ईद की नमाज सुबह 9 बजे अदा की जाएगी। इसके अलावा मदीना मस्जिद में ईद की नमाज 8:30 बजे होगी तो वही मक्का मस्जिद में ईद की नमाज 9 बजे अदा की जाएगी। इसके अलावा जिले की अन्य ईदगाहो, मस्जिदों व मदरसों में भी सुबहा के वक्त अलग अलग समय पर ईद की नमाज सामुहिक रूप से अदा की जाएगी।

### अदब व एहतेराम के साथ मनाए पर्व- हाजी मो फारुख शेख

अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी मो. फारूक शेख ने बताया कि ईद का यहां त्योहार खुशियों का त्यौहार है।महीने भर रमजान शरीफ में इबादत करने के बाद तोहफे के रूप में ईद उल फितर का यह त्यौहार मिला है।चांद की तस्दीक के साथ तमाम मस्जिदों से कल शनिवार को ईद मनाने का ऐलान किया गया है नगर में ईद की पहली नमाज पुलिस लाइन ग्राउंड स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी, तो वहीं दूसरी नमाज बुजुर्गों के लिए नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर मस्जिद ए आला हजरत जामिआ नूरिया मदरसे में अदा की जाएगी। उन्होंने नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि यह त्यौहार को नौजवान अदब व एहतराम के साथ मनाएं, नियम कानून का पालन करें और कोई भी ऐसा काम ना करे जिससे किसी को तकलीफ हो। उन्होंने अमनो अमान के साथ ईद उल फितर के त्यौहार में शामिल होने और शहर सहित पूरे मुल्क की तरक्की के लिए सामूहिक रूप से दुआएं किए जाने की भी अपील की है।

## खेल प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जावेद अली की मेजबानी में हुआ रोजा इफ्तार

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** पवित्र माह रमजान के २९वें रोजे के मुबारक मौके पर स्थानीय जामा मस्जिद परिसर में एक भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कांग्रेस राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच एवं खेल एवं खिलाड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जावेद अली के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इफ्तार के दौरान जामा मस्जिद का प्रांगण आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब के रंगों में सराबोर नजर आया। जामा मस्जिद अध्यक्ष इकबाल खान एवं कमेटी के द्वारा सभी कांग्रेसियों का स्वागत सम्मान किया गया। जामा मस्जिद के इमाम हाफिज नजीर एवं मोज़्ज़म साहब का स्वागत कांग्रेस कमेटी राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों ने शिरकत की और एक साथ बैठकर अपना रोजा खोला। इस अवसर पर देश और क्षेत्र की खुशहाली, अमन-चैन और तरक्की के लिए सामूहिक दुआएं मांगी गईं। जावेद अली ने इस अवसर पर कहा कि रमजान का महीना हमें धैर्य सेवा और प्रेम का संदेश देता है। कांग्रेस राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का उद्देश्य हमेशा से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलना और आपसी प्रेम को बढ़ावा देना रहा है। इसी कड़ी में आज २९वें रोजे पर इस सामूहिक इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष धवल माडल, जेशराज पारधी, शैलेन्द्र पटले, पूर्व नपाउपाध्यक्ष अनीस बेग, हाजी राजिक खान, लक्ष्मीकांत बैंस, किशोर तामेश्वर, नंदकिशोर राणा, राहुल अरोरा, नफीस खान, मुन्नू कटाने, राजा अली, आशिफ खान, भुवन लोहार, अरशद कुरैशी, हरीश मराठे, पप्पू गोन्नाड़े, अल्ताफ कादरी, आबिद कादरी, सोहेल अंसारी, सोनू कनौजिया, अमित बुरे सहित मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।



## सार्वजनिक स्थान पर उत्पात मचाने वालों पर पुलिस सख्त

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निहित उपाध्याय तथा नगर पुलिस अधीक्षक मयंक कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।




### दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई

20 मार्च 2026 को शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो आरोपी गिरफ्तार किया। जिनमे मनोज पिता प्रेमलाल सेन45 वर्ष रामगली बालाघाट और कन्हैया पिता धरमसिंह सिंगमारे 33 वर्ष ग्राम मौवा? थाना कान्हीवाड़ा जिला सिवनी हाल मुकाम ग्राम धापेवाडा बालाघाट निवासी है।

### सार्वजनिक स्थान पर मचा रहे थे उत्पात

कोतवाली पुलिस के मुताबिक 20 मार्च को सुबह करीब 10:20 बजे राम गली बालाघाट प्रेमलाल सेन के द्वारा अपनी पत्नी के साथ घरेलू विवाद के चलते पत्नी द्वारा रिपोर्ट करने की बात को लेकर सड़क पर गाली-गलौज और हंगामा करना शुरू कर दिया था। वह सार्वजनिक रूप से उत्पात मचाने लगा।मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने समझाइश देने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद उसे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार दोपहर करीब 3:00 बजे, धापेवा?ा चौक क्षेत्र में कन्हैया सिंगमारे अपनी साली से बात करने को लेकर विवाद करते हुए सड़क पर गाली-गलौज और झगड़ा कर रहा था।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे भी समझाने का प्रयास किया, लेकिन उसके आक्रामक व्यवहार को देखते हुए उसे भी धारा 170 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।

### न्यायालय में पेश- जेल भेजे गये

गिरफ्तार दोनों आरोपियों को प्रतिबंधित करने हेतु इस्तगासा तैयार कर माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी की न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

### कोतवाली पुलिस की अपील

बालाघाट पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। कानून हाथ में लेने या सार्वजनिक रूप से अशांति फैलाने वालों के खिलाफ इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## नारी मंच का 29वां स्थापना दिवस समापन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। नारी मंच द्वारा 28 वर्ष पूर्ण होने पर 29वां स्थापना दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तीन दिवसीय विविध आयोजनों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में खेल, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी और सशक्त भूमिका प्रमुख रूप से सामने आई।

आयोजन के पहले दिन मोती नगर स्थित उड़ान टर्फ में महिला क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इसमें मातृ शक्ति स्ट्राइकर्स और नारी शक्ति इलेवन के बीच 10-10 ओवर का मुकाबला खेला गया। दोनों टीमों ने उत्साह और खेल भावना का परिचय देते हुए 27-27 रन बनाए, जिससे मैच ड्रॉ रहा। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दूसरे दिन स्वामी विवेकानंद आईटीआई में विकास की ओर बढ़ते समाज में परिवार विघटन के कारण विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें महिलाओं ने आधुनिक जीवनशैली, संस्कारों में कमी और मोबाइल के बढ़ते उपयोग जैसे मुद्दों पर गंभीरता से अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन सुषमा नाविक ने किया। इसके साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। तीसरे दिन शीतल पैलेस में स्थापना दिवस, अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अनुभा मुंजारे, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों ने नारी मंच के सामाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक कार्यों की सराहना करते हुए महिलाओं को समाज में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिसमें रंगोली कला, साहित्य, खेल और कराते में उपलब्धियां शामिल रहीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत सामूहिक प्रार्थना से शुरुआत हुई, जिसके बाद गीत-संगीत, नृत्य और सामाजिक संदेशों पर आधारित लघु नाटकों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। विशेष रूप से संयुक्त परिवार की अवधारणा और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर प्रस्तुत कार्यक्रमों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के दौरान नारी मंच की परंपरा अनुसार महिलाओं का हल्दी-कुमकुम से स्वागत किया गया। अंत में पुरस्कार वितरण, लकी ड्रॉ और आभार प्रदर्शन के साथ तीन दिवसीय आयोजन का समापन हुआ।



पेज नं. ०३ का शेष...

## पैसों के लिए अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को नहीं दिया शव

### अस्पताल वाले बोले पहले पूरे पैसों दो, नहीं दोगे तो शव नही मिलेंगा- रंजीत

मृतक संदीप के छोटे भाई रंजीत मरकाम ने बताया कि 18 मार्च की रात्रि करीब 2 बजे उन्होंने अपने भाई संदीप को उपचार के लिए सरदार पटेल कॉलेज में भर्ती कराया था, उस समय संदीप का आयुष्मान कार्ड से निश्शुल्क उपचार किए जाने की बात कही गई थी अस्पताल प्रबंधन को बता दिए थे कि हमारे पास पैसे नहीं है।अस्पताल वालो ने भी आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क उपचार की बात कहते हुए संदीप को भर्ती कर लिया था, लेकिन तरह-तरह की जांच और ऑपरेशन के नाम पर पहले 10,000रु काउंटर में जमा करवा लिए थे, जो उन्होंने ऑनलाइन ट्रांसफर किए हैं। ऑपरेशन होने के बाद दवाइयां सहित अन्य खर्च के नाम पर करीब 11000 रु जमा कराए गए। लेकिन संदीप की 20 मार्च की सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई, भाई की मौत की जानकारी अस्पताल प्रबंधन द्वारा उन्हें दी गई, वहीं उपचार के खर्च के रूप में 1 लाख रु की राशि मांगी जा रही है। उन्होंने बताया कि भाई की मौत के बाद 15-15 हजार करके दो बार उन्होंने 30,000 रु दवाइयो के लिए दिये है इस तरह अब तक कुल 50,000 रु खर्च कर चुके हैं।अब उनके पास पैसे नहीं है लेकिन अस्पताल वाले बोल रहे हैं कि जब तक पूरा पैसा नहीं मिलेगा तब तक भाई की शव भी नहीं देंगे।

### ब्रेन सर्जरी का आयुष्मान से उपचार की जिले में कहीं भी नहीं है सुविधा- वर्मा

सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के न्यूरो सर्जन डॉ वर्मा ने बताया कि जब मरीज को उपचार के लिए लाया गया था, तब वहा बेहोश था,उसकी बॉडी रिस्पांस नहीं कर रही थी, हमने एक्सरे, सीटी स्कैन कराकर, ब्लड टेस्ट कराया अन्य जांचे कराई और ऑपरेशन करने के लिए कहा, हमने पहले ही मरीज के परिजनों को बता दिया था कि मरीज की ब्रेन सर्जरी करनी पड़ेगी और ब्रेन सर्जरी का उपचार आयुष्मान कार्ड से नहीं होगा। क्योंकि ब्रेन सर्जरी, हार्ड लिवर किडनी के आयुष्मान कार्ड से उपचार के लिए किसी भी अस्पताल को परमिशन नहीं है।क्योंकि इसके लिए रोग सम्बंधित विशेषज्ञ चिकित्सक का रजिस्ट्रेशन आयुष्मान कार्ड के तहत सरकार के पास कराना अनिवार्य होता है। हमारे अस्पताल में आयुष्मान कार्ड के जरिए ब्रेन सर्जरी कि नि:शुल्क सुविधा नहीं है इस बात की जानकारी परिजनों को दे दी थी, उसके बाद ही मरीज को भर्ती कराया गया था और महज10,000रु में उनका ऑपरेशन किया गया। यहां सवाल, पैसों का नहीं, बल्कि मरीज की जान बचाने का था। लेकिन उपचार के दौरान मरीज की मौत हो गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्हारपुर**
**जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट**
क्रमांक - क्यू /2026 दिनांक 20.03.2026

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत बल्हारपुर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा, विबी जी राम जी, पंच परमेश्वर, 05 वां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग, रा'य वित्त आयोग, गौण खनिज मद, स्वकराधान मद, स्व'छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, पंचायत क्षेत्र में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 20/03/2026 से 28/03/2026 तक मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बल्हारपुर में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

टीप: निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।

**सेवन काटेकर - सरपंच**
**रविशंकर भगत - उपसरपंच**
**कोमल यादव - सचिव**
**देवेश देशमुख- रोजगार सहायक**
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बल्हारपुर तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश**

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबरिया**
**जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट**
क्रमांक - क्यू /2026 दिनांक 20.03.2026

**निविदा**

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत बबरिया में वित्तीय वर्ष 2026-27 में मनरेगा, विबी जी राम जी, पंच परमेश्वर, 05 वां, 14 वां व 15 वां वित्त आयोग, रा'य वित्त आयोग, गौण खनिज मद, स्वकराधान मद, स्व'छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, पंचायत क्षेत्र में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु आवश्यक सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक 20/03/2026 से 28/03/2026 तक मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत बबरिया में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम 5 बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

टीप: निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा।

**मोहनलाल गौतम - सरपंच**
**गजानंद सहारे - उपसरपंच**
**विजय एड़े - सचिव**
**सुखचंद शरणागत - रोजगार सहायक**
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बबरिया तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट, मध्यप्रदेश**

**दुकान बेचना है**
शहर के मध्य प्राइम लोकेशन हनुमान चौक श्याम मॉल की अपर ग्राउंड फ्लोर की फ्रंट की तीन शटर वाली दुकान नंबर 5 बेचना है।
**संपर्क-9425391870**

**आवश्यकता है**
**ऑफिस एकाउंट/ ऑडिट कार्य हेतु 10वीं, 12वीं, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण यवुक/युवती की आवश्यकता है**
मिलने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
-संपर्क-
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स , श्याम टॉकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (मप्र)
मो. 9244872544/9201340520

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

बालाघाट
शनिवार 21 मार्च 2026

# बालाघाट सिटी न्यूज़

3

पद्मेश न्यूज
बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

न्यूज गैलरी

## बालाघाट के भटेरा बलवा कांड- प्राणघातक हमले का फरार एक और आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**पद्मेश न्यूज।बालाघाट।** कोतवाली पुलिस ने ग्राम भटेरा में प्राणघातक हमला कर फरार चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिये। गिरफ्तार आरोपी सुशील पिता तेजराम मोहारे 25 वर्ष वार्ड नंबर 7 भटेरा बालाघाट निवासी को न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। 17 मार्च की रात हुए इस मामले में एक नाबालिक सहित तीन आरोपी पूर्व में गिरफ्तार की जा चुके हैं।

### कीर्ति मोहारे और उसके बेटे पर किए थे प्राणघातक हमला

कोतवाली पुलिस के मुताबिक 17 मार्च 2026 की रात ग्राम भटेरा में शादी के रिसेप्शन में कीर्ति मोहारे की खाने की प्लेट भागचंद मोहारे से टकरा गई थी। मामूली बात को लेकर विवाद शुरू हुआ भागचंद मोहारे, अरुण मोहारे और सुशील मोहारे ने कीर्ति मोहारे को अश्लील गालियां देकर हाथ भूसे से मारपीट किये थे जिसके बाद कीर्ति मोहारे अपने घर चला गया था जो बाद में हिंसक झगड़े में बदल गया। आरोपियों ने कीर्ति मोहारे के घर हमला कर और घर मे घुसकर कीर्ति मोहारे की हत्या करने की नीयत से उसे लाठी-डंडों एवं लोहे की रॉड से मारपीट करने लगे वहीं बचाव करने आये उसके बेटा देवेंद्र मोहारे को लाठी लोहे की राड से मारपीट किये।कीर्ति मोहारे की पत्नी धुरपति मोहारे बहु शीतल मोहारे को भी इन लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिये और फरार हो गए थे।

### हत्या की कोशिश करने का दर्ज है अपराध

इस संबंध में कोतवाली थाने में आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 296, 115 (2),351(3), 3(5)भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किये गए है । जिनमे अरुण मोहारे और तेजराम मोहारे को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। नाबालिक को किशोर न्याय बोर्ड से जमानत दे दी गई है।

### फरार एक आरोपी गिरफ्तार- भेजा गया जिला जेल

इस मामले में फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है 20 मार्च 2026 को कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपी शुशील मोहरे पिता तेजराम मोहारे 25 निवासी ग्राम भटेरा निवासी को पकड़ लिया। पूछताछ में इस आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया।गिरफ्तार इस आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# पैसों के लिए अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों को नहीं दिया शव

## कहां- पहले 01 लाख रु दो, फिर ले जाना शव, नगर के वार्ड नं 33 गायखुरी स्थित सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल का मामला

सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

नगर के वार्ड नंबर 33 गायखुरी स्थित सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, पिछले कुछ दिनों से जमकर सुर्खिया बटोर रहा है।जहा पिछले माह उपचार के दौरान गलत इंजेक्शन लगाने से एक युवक के कोमा में चले जाने वाले आरोप का मामला अभी थमा भी नहीं था, कि अब 20 मार्च शुक्रवार को इसी अस्पताल से एक नया विवाद सामने आया है।जहां मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए, मामले में इंसाफ दिए जाने की गुहार लगाई है। परिजनों ने उपचार के दौरान मरीज की मौत होने पर ,बकाया राशि के लिए,अस्पताल प्रबंधन द्वारा शव को जप्त किए जाने का आरोप लगाया है।परिजनों का आरोप है कि मारपीट में घायल हुए युवक को उपचार के लिए सरदार पटेल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, भर्ती करने के दौरान अस्पताल प्रबंधन द्वारा आयुष्मान कार्ड से युवक का निःशुल्क उपचार किए जाने की बात कही गई थी,वही ऑपरेशन के नाम पर 10,000 रु जमा कराए गए थे।लेकिन बाद में अस्पताल प्रबंधन ने आयुष्मान कार्ड से इलाज ना होने की जानकारी दी और ऑपरेशन व दवाईयो के नाम पर 50,000 रु की राशि वसूल कर ली।मृतक के परिजनों का आरोप है कि मरीज की मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा करीब 1लाख रु जमा करने का दबाव बनाया जा रहा है, वहीं रुपए जमा न करने पर शव जप्त कर लिया गया है। परिजनों ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपचार की संपूर्ण राशि न मिलने तक शव नहीं दिए जाने की बात कही जा रही है।हालांकि अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपो को झूठा व बेबुनियाद बताते हुए शव परिजनों की जगह पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सौंपे जाने की बात कही है। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने शव पुलिस के सुपुर्द कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुचाया गया जहां शव का पोस्टमार्टम कराकर शव अंतिम संस्कार के लिए उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।





### शराब के नशे में मजदूरों के बीच हुई मारपीट में घायल हुआ था संदीप

मामला रूपझर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम घोंदी के जंगल का बताया गया है,जहा ट्रक में हमाली के काम से जंगल मे लकड़ी भरने गए ग्राम नारंगी निवासी 26 वर्षीय मजदूर संदीप पिता बुधराम मरकाम को शराब के नशे में किसी बात को लेकर हुए विवाद में उसी के साथी मजदूर अर्जुन पिता पवन सिंह टेकाम ने, लाठी डंडों से मारकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर दिया।जिसे उसके परिजनों द्वारा 18 मार्च की देर रात जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया था, जहां संदीप का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए रिफर कर दिया था। जिसके परिजनों द्वारा संदीप को गायखुरी स्थित सरदार पटेल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था।जहां उपचार के दौरान 19 मार्च की अलसुबह उसकी मौत हो गई।

### पहले आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क उपचार की कही बात, बाद में कहा लगेगा पूरा पैसा

मृतक के परिजनों का आरोप है जिला अस्पताल से रिफर कर,वे संदीप को बेहतर उपचार के लिए गायखुरी स्थिति सरदार पटेल कॉलेज लेकर आए थे जहां भर्ती करने के पूर्व उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को इस बात की जानकारी दे दी थी कि उनके पास में पैसे नहीं है, वही आयुष्मान कार्ड से संदीप का निःशुल्क उपचार किए जाने का निवेदन किया था।जिसपर अस्पताल प्रबंधन द्वारा सहमति जताते हुए आयुष्मान कार्ड से सम्पूर्ण उपचार निःशुल्क किए जाने की बात कहते हुए संदीप को भर्ती कराया गया था,परिजनों ने बताया कि 18 मार्च को ऑपरेशन के नाम पर 10,000 रु अस्पताल प्रबंधन द्वारा जमा कराए गए थे तो वही ऑपरेशन में लगने वाली दवाइयां और एक्सरे, सिटी स्कैन, जांच सहित अन्य ट्रीटमेंट के नाम पर अलग से 11000 वसूल किए गए थे।परिजनों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा पहले तो निःशुल्क उपचार की बात कहते हुए मरीज को अस्पताल में भर्ती कर लिया गया और बाद में आयुष्मान कार्ड नहीं चलेगा, कहकर ऑपरेशन और दवाइयां खर्च सहित एक से डेढ़ लाख रुपए की मांग करने लगे। अब मरीज की मौत होने पर उन्हें शव भी नही दिया जा रहा है।

### सभी आरोप झूठे है, पेसो के लिए नही रोका गया शव-डॉ कावड़े

उधर अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों द्वारा लगाए गए सभी आरोपो को झूठा व बे-बुनियाद बताते हुए सभी आरोपो को सिरे से खारिज कर दिया है।अस्पताल प्रबंधन की ओर से डॉ कावड़े,ने बताया कि मारपीट वाले या फिर पुलिस से संबंधित जो भी मामले होते हैं उसकी जानकारी सबसे पहले थाने में दी जाती है। 18 मार्च को जब मरीज को यहां भर्ती कराने लाया गया था तब भी मामले की सूचना हमने पुलिस को दी थी और जब मरीज की मौत हो गई है तो इसकी सूचना भी हमने पुलिस को दी है। जब तक पुलिस कार्यवाही नहीं होती, तब तक शव हम नहीं देंगे।क्योंकि मृतक के शव का पोस्टमार्टम होना है जो जिला अस्पताल में होगा।इसीलिए शव परिजनों को ना देते हुए पुलिस को दिया जाएगा। ताकि नियमों के तहत आगामी कार्रवाई हो सके। उन्होंने बताया कि यहां पर पैसे का कोई मामला नहीं है, आयुष्मान कार्ड से उपचार नहीं होगा यह जानकारी पहले ही परिजनों को दी गई थी, और महज 10,000रु में मरीज का ऑपरेशन किया गया है, पैसों के लिए शव नहीं रोका



गया है बल्कि मृतक का शव पुलिस को सौंपा जाएगा और पुलिस पोस्टमार्टम कराकर वहां शव परिजनों को सौपेगी। उन्होंने आगे बताया कि मेडिकल का चार्ज बचा हुआ है वहीं अस्पताल के भी कुछ चार्ज पेंडिंग पड़े हैं वह चार्ज परिजनों से लेना है या नही ,या इस मामले में क्या करना है।इसका फैसला प्रबंधन द्वारा किया जाएगा।

शेष पेज नं. ०२ में

# जिलेभर में मनाया गया रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस

## जगह-जगह प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि, रानी अवंती बाई के बलिदान को किया गया याद





पद्मेश न्यूज। बालाघाट। भारत देश की पवित्र भूमि, ऐसे वीर-वीरांगनाओं की कहानियों से भरी पड़ी है, जिन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर देश की आजादी के लिए अपना अहम योगदान दिया है।जिसमें 1857 क्रांति की महानायिका क्रांतिकारी वीरांगना रानी अवंती बाई भी एक है।जिनका बलिदान दिवस 20 मार्च को केवल जिला मुख्यालय ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश में मनाकर उन्हें याद किया गया।शुक्रवार 20 मार्च को जिला मुख्यालय सहित जिले की तहसील व ग्रामीण अंचलों में वीरांगना रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस मनाया गया। जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर रानी आवंती बाई के बलिदान को याद कर, उनकी जीवनी से प्रेरणा लेने और उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।इसी कड़ी में नगर के रानी अवंती बाई चौक में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां उपस्थित पदाधिकारियों व सामाजिक बंधुओं ने रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, प्रतिमा के समीप दीप प्रज्वलित किए वहीं रानी अवंतीबाई अमर रहे के नारे लगाए। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने रानी अवंती बाई किं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।इस कार्यक्रम में जहां एक ओर उपस्थितजनों ने वीरांगना रानी अवंती बाई की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बलिदान को याद किया तो उनके आदर्शों पर चलकर संपूर्ण समाज में एकता बनाए रखने की बात कही।

### भव्य रैली में शिव तांडव सहित अन्य नृत्य रहे आकर्षण का केंद्र

नगर में वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया।जिला लोधी महासभा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विशाल शोभायात्रा निकाली गई।जिसमें रायपुर व नागपुर के संदल व झांकियां शामिल रही। शिव तांडव सहित अन्य नृत्य आकर्षण का केंद्र रहे। 45 की संख्या में विविध टोली में नृत्य समूह शामिल हुये थे। जिन्होने विविध चौक चौराहे पर अपने-अपने धार्मिक व शौर्य से संबंधित नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।इस अवसर पर निकली शोभायात्रा ने शहर का भ्रमण किया। जो कि अवंती बाई चौक से काली पुतली चौक होते हुये राजघाट चौक, महावीर चौक, सुभाष चौक, नया सराफा बाजार, हनुमान चौक से होते हुये अंबेडकर चौक और वहां से पुनः रामाबापू तालाब मोती गार्डन पहुंची। जहां पर मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन को देखने के लिये लोगों का हुजूम उम ?ा रहा।

### जगह जगह विभिन्न कार्यक्रमों के हुए आयोजन

1857 की क्रांतिकारी महान वीरांगना अवंती बाई लोधी के 20 मार्च को मनाये जाने वाले बलिदान दिवस का कार्यक्रम हर साल की तरह यह आयोजन बालाघाट मुख्यालय में किया गया था। जिसमें बस स्टेंड स्थित अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व पूजन के साथ बलिदान दिवस का कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अवंती बाई चौक के कार्यक्रम के पहले रामाबापू गार्डन मोती तालाब में लोधी समाज के तमाम लोग एकत्रित हुये। जहां से घोड़े पर सवार वीरांगना की प्रतीकात्मक प्रतिमूर्ति के साथ भव्य शोभायात्रा निकली। जो पदयात्रा करते हुये ढोल ढमाके के साथ अवंती बाई चौक पहुंची। जहां पर बारी-बारी से सभी ने अवंती बाई का पूजन कर आदमकद प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। साथ ही पूजन कर वीरांगना को नमन किया गया। इस आयोजन में लोधी समाज के जनप्रतिनिधियों के साथ प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी व गणमान्य लोग बड़ी संख्या में शामिल हुये। इसके पश्चात यहां से पुनःशोभायात्रा के साथ विशाल रैली निकाली गई। जिसमें विविध झांकिया को शामिल किया गया। कार्यक्रम में विधायक अनुभा मुंजारे, विधायक राजकुमार करहिे, वारासिवनी विधायक विवेक पटेल, पूर्व सांसद कंकर मुंजारे,लोधी लोधा लोध महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष उदयसिंह नगपुरे,प्रदेश प्रवक्ता शौकत बिसाने,प्रदेश सचिव धर्मपाल सिंह नगपुरे, जिलाध्यक्ष डॉक्टर अशोक लिल्हारे, कार्यक्रम के अध्यक्ष बी.एल.लिल्हारे, यशवंत लिल्हारे, सुखदेव मुनि कुतराहे,हर्ष मुंजारे,सी.डी.नगपुरे, दुर्गा सौलखे,गगन नगपुरे, गंगा प्रसाद लिल्हारे, योगेश नगपुरे, गुडडू नगपुरे, दुर्गाप्रसाद पगरवार,दिलीप उपवंशी,चुमेश लिल्हारे,चंदर दमाहे,दिलीप बसेने, श्रीमती शिला नगपुरे व उनके नेतृत्व में आयी सैकड़ो महिलायेंसहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि व महिलायें शामिल रही। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि इसमें महिलायें एक ही वेशभूषा में वीरांगना अवंती बाई के प्रतीक स्वरूप आयोजन में शामिल रही।

### शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है बलिदान दिवस- करहिे

इस संबंध में विधायक राजकुमार करहिे ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई के बलिदान दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें सर्वसमाज के लोग के साथ ही लोधी समाज के बंधु शामिल हुये। कार्यक्रम में विविध झांकियां व वीरांगना की वेषभूषा में हमारी बहनें शामिल रही। शिव तांडव सहित संदल इस कार्यक्रम में आर्कर्षण का केंद्र रहें।

### वीरता की प्रतिक थी रानी अवंतीबाई- डॉ लिल्हारे

लोधी क्षत्रिय समाज जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे ने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई ने आजादी की लड़ाई में अंग्रेजो के खिलाफ आजादी का बिगुल फूंका और स्वतंत्रता के आंदोलन की लड़ाई लड़ते हुए उन्होंने अपनी जान कुर्बान कर दी। आज पूरा देश उनका बलिदान दिवस बनाकर देश के स्वतंत्रता आंदोलन और उनके योगदान को याद कर रहा है।आज सर्वसमाज के लोगों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई को याद कर उन्हें नमन किया।जो बताता है कि महापुरूष किसी समाज के नहीं बल्कि सबके होते है। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश देना भी है।

# आयो लाल झूलेलाल के जयघोष से गूंजा शहर

## 1076वें चेट्रीचंड महोत्सव पर भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा, बड़ी संख्या में उमड़ा सिंधी समाज

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** शहर में शुक्रवार को सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल सांई का 1076वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयो लाल झूलेलाल के जयघोष से पूरा शहर गुंजायमान हो उठा। पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधु भवन से देर शाम भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में शहर सहित जिले भर के सामाजिक बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भक्ति भाव के साथ झूलेलाल सांई का जयघोष करते हुए वातावरण को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया और प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने भगवान झूलेलाल से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।





भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धालुओं ब ?ी संख्या पहुचे । पूरे शहर में भक्ति, उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। शोभायात्रा सिंधु भवन से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मोती तालाब पहुंची, जहां समापन अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और पारंपरिक बहराणा साहेब विसर्जन का आयोजन किया गया। मार्गभर श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में भगवान झूलेलाल की सजीव झांकी के साथ ही विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। इनमें भगवान शिव के शिवलिंग की झांकी, राधा-कृष्ण लीला, भोलेनाथ की झांकियां और अन्य धार्मिक प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सजीव झांकियों ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समाज के जिलाध्यक्ष अमर मंगलानी ने बताया कि भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव के कार्यक्रम 17 मार्च से प्रारंभ हो गया था , जो निरंतर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संपन्न हो रहे हैं। सुबह से ही सिंधु भवन से स्कूटर रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं सहित बड़ी संख्या में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे शहर में धार्मिक जागरूकता का संदेश दिया। इसके पश्चात सिंधी मोहल्ला एवं सिंधु भवन स्थित मंदिर में भगवान झूलेलाल का दूध से अभिषेक, हवन-पूजन एवं आरती की गई। दोपहर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम होते ही शोभायात्रा ने भव्य रूप ले लिया। महिलाएं, पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की मधुर धुनों के बीच पूरा शहर झूलेलाल के जयकारों से गूंज उठा। मोती तालाब पहुंचकर विशेष पूजन-अर्चन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां बहराणा साहेब का विधिवत विसर्जन किया गया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का संदेश भी दिया।

# कल नगर में निकाली जाएगी गणगौर शोभायात्रा

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल कार्यकारिणी संरक्षक मंडल मानक चंद सोनी, घीसालाल शर्मा, रमेश राठी, रामेश्वर सोनी,राजेंद्र महाराज शर्मा, किशोर शर्मा, जुगल शर्मा अनिल शर्मा, कैलाश राजपुरोहित, मुन्ना शर्मा खाती सहित सर्व राजस्थानी समाज महिला मंडल जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति शर्मा ने सँयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गणगौर पर्व राजस्थानी समाज की आस्था और संस्कृति का प्रमुख उत्सव है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज की परंपराओं को आगे बढ़ाना एवं नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना है।महिला मंडल की सचिव श्रीमती पूजा शर्मा, सहसचिव श्रीमती पूनम शर्मा, कोषाध्यक्ष श्रीमती किरण सोनी, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती रीना शर्मा, उपाध्यक्ष श्रीमती मनोरमा महेश्वरी, श्रीमती मालती पुरोहित, श्रीमती किरण शर्मा श्रीमती आरती शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी श्रीमती शिल्पा पुरोहित, श्रीमती रिया शर्मा, ब्राह्मण समाज प्रभारी श्रीमती आशा शर्मा, माहेश्वरी समाज प्रभारी श्रीमती रत्ना माहेश्वरी, सोनी समाज प्रभारी श्रीमती सरिता वर्मा, राजपुरोहित समाज प्रभारी श्रीमती भावना राजपुरोहित, खाती समाज प्रभारी श्रीमती मंजू शर्मा, जैन समाज प्रभारी श्रीमती प्रीति सेठिया, प्रवक्ता श्रीमती पायल चौरडिया, सह प्रवक्ता श्रीमती शारदा शर्मा, मीडिया प्रभारी श्रीमती श्वेता शर्मा सहित महिला मंडल की सलाहकार समिति सदस्य श्रीमती राधा शर्मा, श्रीमती सविता शर्मा, श्रीमती दुर्गा राठी, श्रीमती राधिका सोनी, श्रीमती अरुणा शर्मा, श्रीमती अंजलि पालीवाल, श्रीमती विनीता शर्मा, श्रीमती माधवी शर्मा, श्रीमती शोभा शर्मा, श्रीमती दुर्गा जैन तथा कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती मोना शर्मा, श्रीमती अनुराधा शर्मा, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती चंचल शर्मा, श्रीमती कंचन शर्मा, श्रीमती ज्योति सोनी, श्रीमती पायल शर्मा पंचारिया, श्रीमती रूपा माहेश्वरी, श्रीमती कविता सोनी, श्रीमती उमा शर्मा, श्रीमती रश्मि शर्मा ने समाज की सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणगौर महोत्सव में भाग लेने का आग्रह किया है साथ ही सर्व राजस्थानी समाज के माननीय श्री गोकुल चंद जी शर्मा हेमराज जी शर्मा बाबूलाल जी सोनी सत्तू सोनी सुशील पालीवाल बीडी शर्मा कालू सोनी उमेश जी शर्मा कैलाश शर्मा श्री सुरेश शर्मा प्रोफेसर अरविंद ज्योतिषी भरत पुरोहित जगन जोशी अर्जुन जादव श्री ध्रुव शर्मा महेश शर्मा करणी दान सेठिया किशोर शर्मा महावीर शर्मा राजू प्रभु खाती मुन्ना शर्मा खाती राधेश्याम महेश्वरी गुलाब महेश्वरी राजू महेश्वरी ललित महेश्वरी सेठिया मनोज शर्मा अजय शर्मा रविंद्र पप्पू शर्मा पुरुषोत्तम शर्मा अमित शर्मा प्रमोद शर्मा बजरंग भोजनालय विजय पुरोहित वरुण तिवारी विकास शर्मा आकाश शर्मा राजू मदनलाल सोनी प्रतीक शर्मा हर्ष शर्मा शिवम शर्मा वरुण शर्मा धैर्य शर्मा सहित सर्व राजस्थान समाज से जुड़े हुए महिला पुरुष युवा वर्ग से निवेदन है कि 22 तारीख के गणगौर शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या मे पहुंच कर शोभा यात्रा को भव्य बनाने की अपील की है।

## आस-पास की खबरें

### ईदगाह में 9 बजे अदा होगी ईद-उल-फितर की नमाज आज

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** मुस्लिम धर्मालंबियों का खास पर्व ईद 21 मार्च को नगर मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर 21 मार्च को प्रात: 9 बजे ईदगाह लालबर्रा में ईद-उल-फितर की



नमाज अदा की जायेगी। तत्संबंध में जानकारी देते हुए अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर अफसर कुरैशी ने बताया कि ईद का चांद दिखने के बाद 21 मार्च को मुस्लिम समुदाय के द्वारा ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर 21 मार्च को प्रात: 8.30 बजे सभी मुस्लिम भाई ईदगाह लालबर्रा में एकत्रित होगें और प्रात: 9 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा करवाई जायेगी। इस अवसर पर सभी मुसलमान भाईयों से समय पर पहुंचने की अपील अंजुमन इस्लामिया कमेटी के सदर अफसर कुरैशी ने की है।

#### रजा मस्जिद में प्रात: 9.30 बजे अदा की जायेगी नमाज

नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली स्थित रजा मस्जिद में 21 मार्च को प्रात: 9.30 बजे ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जायेगी। तत्संबंध में जानकारी देते हुए रजा मस्जिद कमेटी अमोली के हाजी अनवर यासिनी ने बताया कि मुस्लिम धर्मालंबियों का सबसे बड़ा पर्व ईद का त्यौहार है एवं 21 मार्च को ईद का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रात: 9.30 बजे रजा मस्जिद अमोली में ईद-उल-फितर की नमाज अदा की जायेगी। इस अवसर पर मुसलमान भाईयों से समय पर पहुंचने की अपील रजा मस्जिद के हाजी अनवर यासिनी ने की है।

# एफआईआर दर्ज कर मुझ पर बनाया जा रहा दबाव - नीरज

## वार्डवासियों ने आयोजित की प्रेसवर्ता, जनता के हितों की अनदेखी कर घटिया सड़क निर्माण करवाने का निर्माण कंपनी पर लगाया आरोप

रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।

**लालबर्रा से समनापुर पहुंच मार्ग के अधुरे निर्माण कार्य को लेकर चल रहा विवाद अब गरमाता जा रहा है। इस संबंध में नगर मुख्यालय स्थित विश्राम गृह में शुक्रवार को पांढरवानी-लालबर्रा निवासी नीरज पशीने एवं अन्य वार्डवासियों ने प्रेसवर्ता आयोजित कर लालबर्रा से अमोली-समनापुर पहुंच मार्ग 600 मीटर की सीसी सड़क निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितताओं और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये है। उन्होंने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में तकनीकी खामियों और जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण भविष्य में स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेसवर्ता को संबोधित करते हुए नीरज पशीने ने बताया कि लालबर्रा से समनापुर मार्ग की स्वीकृति बीते नवंबर माह में हुई थी और सड़क की स्वीकृति के समय ही मेरे द्वारा आपत्ति दर्ज करवाई गई थी और इस सड़क निर्माण में सबसे बड़ी चिंता सड़क और मकानों के लेवल ( स्तर ) में भारी असमानता को लेकर है। पूर्व में भी इसी तकनीकी खामी के कारण घरों में बारिश का पानी घुसने की समस्या उत्पन्न हुई थी, जिसके चलते काम रोकना पड़ा था। वर्तमान में भी ठेकेदार द्वारा उसी त्रुटिपूर्ण पध्दति से निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिससे भविष्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। श्री पशीने ने बताया कि पानी निकासी के लिए नई नाली का निर्माण नही किया गया है, साथ ही दो स्थानों पर पानी निकासी के लिए पुलिया का निर्माण होना है लेकिन पुलिया का भी निर्माण नही किया जा रहा है। जबकि पूर्व में सड़क विभाग के अधिकारियों से चर्चा की गई थी तो उन्होने हमें आश्वास्त किया था कि दो स्थानों पर पुलिया का निर्माण किया जायेगा। लेकिन ठेकेदार अपनी मनमानी कर रहा है। साथ ही शासन के मापदण्ड को ताक पर रखकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सड़क धंसने और दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी हुई है।**

#### कलेक्टर के निर्देशों की अवहेलना का आरोप

श्री पशीने ने बताया कि पूर्व में जिला कलेक्टर से भी इस सड़क निर्माण की शिकायत की गई थी और कलेक्टर महोदय ने संबंधित सड़क विभाग के आला अधिकारियों को तत्काल जल निकासी की



व्यवस्था हेतु स्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिये थे। परंतु विडंबना यह है कि लंबे समय बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अब तक कोई स्टीमेट प्रस्तुत नहीं किया गया है, जो अधिकारियों की उदासीनता को दर्शाता है। गुरूवार को मेरे द्वारा सुपरवाइजर से पुलिया निर्माण हेतु चर्चा की गई किन्तु वे संतुष्टजनक जवाब नही दिये जिससे उनसे बहस भी हुई थी। जबकि सभी की सुविधा के लिए नाली व पुलिया का निर्माण करवाने की मांग कर रहे है, लेकिन निर्माण कंपनी के कर्मचारी ने मेरे खिलाफ थाने में झुठी शिकायत दर्ज करवाकर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह पूरी कार्यवाही राजनीति से प्रेरित और द्वेषपूर्ण है, जनहित के मुद्दों को उठाने के कारण मुझे टारगेट किया जा रहा है। मेरे खिलाफ की गई शिकायतें पूरी तरह निराधार और झूठी हैं। प्रशासन का भय दिखाकर जनहित की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन क्षेत्र की जनता के हक की लड़ाई जारी रखूगा। साथ ही यह भी बताया कि सरपंच का फर्ज है कि वे पानी निकासी की व्यवस्था बनवाये लेकिन उनके द्वारा इस संबंध में कोई भी चर्चा संबंधित विभाग के अधिकारी से नहीं की गई है। इस अवसर पर नीरज पशीने, शांतिलाल सुराना, तुफान गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा नगराध्यक्ष संजीव अवधिया, मुस्ताक खान सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित रहे।

#### सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितता - संजीव

भाजयुमो नगराध्यक्ष संजीव अवधिया ने बताया कि लालबर्रा से अमोली 600 मीटर अधुरी सड़क का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन पानी निकासी की व्यवस्था नही की जा रही है जिससे वार्डवासियों को भविष्य में परेशानी होगी। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारी को अवगत करवा दिया गया है जिन्होने समस्या का समाधान का आश्वासन भी दिया था परन्तु पानी निकासी हेतु कार्य नही किया जा रहा है। जिसका नीरज पसीने के द्वारा विरोध किया गया और नाली निर्माण की मांग की गई थी। श्री अवधिया ने बताया कि थाना प्रभारी के द्वारा एकपक्षीय कार्यवाही की गई है उनके द्वारा दूसरे पक्ष को नहीं सुना गया है। साथ ही निर्माण स्थान पर शासकीय विभाग के इंजीनियर और ठेकेदार मौके पर उपस्थित नहीं रहते है, सड़क निम्न स्तर की बनाई जा रही है और निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान झूलेलाल की जयंती

### शोभायात्रा निकालकर नगर का किया भ्रमण, लंगर का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित गुरू संगत दरबार में पूज्य सिंधी पंचायत के द्वारा 20 मार्च को भगवान झूलेलाल की जयंती धूमधाम से मनाई गई। भगवान झूलेलाल की जयंती के अवसर पर गुरू संगत दरबार में विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिसमें प्रात: 8 भगवान झूलेलाल जी का अभिषेक व पूजन अर्चन किया गया तत्पश्चात सिंधु सेना के द्वारा प्रात: 9 बजे बाईक रैली निकाली गई। इस दौरान आयोलाल-झूलेलाल के नारों के साथ नगर के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए पुन: गुरू संगत दरबार पहुंचे जिसके बाद मोदक पूजा संपन्न करवाई गई। तत्पश्चात भगवान झूलेलाल जी की आरती के बाद लंगर का आयोजन किया गया। जिसके बाद शाम 6 बजे मनमोहक झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान जमकर उपस्थितजनों ने नृत्य भी किया और यह शोभायात्रा नगर के चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए पांढरवानी के तालाब विसर्जन घाट पहुंची जहां विधिवत मोदक एवं अन्य पूजन सामग्री का विसर्जन किया गया। जिसके बाद सभी गुरू संगत दरबार पहुंचे जहां पूजा अर्चना करने के बाद प्रसादी का वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। पूज्य सिंधी पंचायत लालबर्रा सदस्य संजय चंदलानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पूज्य सिंधी पंचायत के स्वजातीय बंधुओं के द्वारा भगवान झुलेलाल जी का 1076 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए जिसमें प्रात: 8 बजे भगवान झुलेलाल जी का अभिषेक व पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सिंधु सेना के द्वारा बाईक रैली निकाली गई एवं दोपहर में गुरू संगत दरबार में मोदक पूजा संपन्न करवाई गई। जिसके बाद





आरती कर लंगर का आयोजन किया गया। साथ ही सभी ने लंगर ग्रहण कर धर्मलाभ अर्जित किये। वहीं सैंट्रल बैंक के समीप सिंधु सेना के द्वारा शरबत का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर हिन्दु सेना एवं पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## गढ़वाल समाज के 52 स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में शिलालेख के लिए किया गया भूमिपूजन

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** हिन्दु नववर्ष के पावन अवसर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गढ़वाल समाज मंडल लालबर्रा द्वारा नगर के मुख्य मार्ग हाईस्कूल रोड पर गुरूवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शिलालेख स्थापित करने हेतु भूमि का विधिवत भूमिपूजन किया गया। यह कार्यक्रम समाज के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक रहा। वहीं भूमिपूजन के एक दिन पूर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने ग्राम पंचायत पांढरवानी के सरपंच अनीस खान से भेंट कर गढ़वाल समाज के 52 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शिलालेख हेतु भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की थी। जिस पर सरपंच द्वारा सकारात्मक सहमति प्रदान की गई। जिसके बाद हाई स्कूल मार्ग महात्मा %योतिबा फुले चौक पर गुरूवार को विधिवत भूमिपूजन कर कार्य का शुभारंभ किया गया। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गढ़वाल समाज अध्यक्ष लिखीराम हरिन्द्रवार ने कहा कि गढ़वाल समाज के जिन 52 वीर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उनका योगदान केवल हमारे समाज तक सीमित नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आज जो भूमिपूजन किया गया है यहां केवल एक निर्माण कार्य की शुरूआत नहीं, बल्कि अपने इतिहास को सम्मान देने का संकल्प है। आने वाली पीढ़ियां जब इस शिलालेख को पढ़ेंगी, तब उन्हें अपने पूर्वजों के संघर्ष, त्याग और बलिदान की प्रेरणा मिलेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम इस विरासत को सहेजकर रखें और समाज में जागरूकता बढ़ाये। शीतलप्रसाद हरिद्वाज ने कहा कि इतिहास तभी जीवित रहता है जब हम उसे याद रखते हैं और समाज के सामने प्रस्तुत करते हैं। गढ़वाल समाज के स्वतंत्रता सेनानियों का नाम भले ही बड़े इतिहास ग्रंथों में कम दर्ज हो, लेकिन उनका योगदान किसी से कम नहीं रहा। यह शिलालेख उन गुमनाम नायकों को पहचान दिलाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। हम सभी का दायित्व है कि इस पहल को आगे



बढ़ाये और अपने ब'चों को भी उनके बारे में बताये ताकि उनमें देशभक्ति और सामाजिक चेतना का विकास हो। पांढरवानी सरपंच अनीरस खान ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से इस ऐतिहासिक और सराहनीय कार्य के लिए पूर्ण सहयोग दिया जायेगा। यह केवल गढ़वाल समाज का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव है। जब किसी समाज के लोग अपने इतिहास और वीरों को सम्मान देते हैं, तो वह समाज और अधिक मजबूत बनता है। इस शिलालेख के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा मिलेगी और उन्हें यह समझ आयेगा कि आजादी हमें कितने संघर्ष और बलिदान के बाद मिली है। पंचायत सदैव ऐसे जनहित एवं समाजहित के कार्यों में साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर शीतल हरिद्वाज, लिखिराम हरिन्द्रवार, प्रदीप सूर्यवंशी, डामेन्द्र धानेश्वर, पिंटू नागेश्वर, डीपी सिलेकर, बेनीराम बनवाले, संजू बनवाले, जयराज भारद्वाज, ब्रजेश ब्रम्हे, सुरेश ब्रम्हे, सर्वेश ब्रम्हे, राजेन्द्र गोयल, रविन्द्र वराड़कर, किशोर गोयल, दिलीप अजीत, अंकित हरिद्वाज, ईश्वरी अजीत, श्रीमती पुष्पा भारद्वाज, श्रीमती सुनीता हरिद्वाज, श्रीमती संध्या नागेश्वर, घनश्याम सिलेकर, श्रीमती सबीता ब्रम्हे एवं श्रीमती रानू हरिद्वाज सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

#### इन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में बनेगा शिलालेख

गढ़वाल समाज के जिन 52 स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में यह शिलालेख स्थापित किया जा रहा है, उनमें प्रमुख रूप से गंगेलाल गढ़वाल, फग्गूलाल गढ़वाल, अमर/बाबूलाल, नानु गढ़वाल, लाल/रामचरण ईश्वरलाल/नंदू, महासराम गढ़वाल, केशवलाल गढ़वाल, लखन/जयराम, प्रेमलाल/रघुनाथ, प्रेमलाल/हरिलाल, प्रेमलाल/गजाधर, गनपत/मलखान, प्रेमलाल/पुन्नु, गनपत/मलखान, दिनदयालाल/भोलाराम, उदेलाल गढ़वाल, रामदयाल/ गोंडाल, संतु जी/ हरिलाल, महालाल गढ़वाल, दयाललाल/ नंदलाल, झुमकलाल नागेश्वर, जगलाल गढ़वाल, प्यारेलाल गढ़वाल, धनराम सोनकी, फुलचंद गढ़वाल, हरीलाल गढ़वाल, रघुनाथ/ छन्नूलाल, ओंकारलाल गढ़वाल, मोतीलाल गढ़वाल, गरीबदास सोनकी, गनपत/ नंदलाल, दशरथ/ हरिलाल, हेमराज गढ़वाल, सेवा गढ़वाल, झालूराम/ शिवचरण, ईश्वर/ दुलार गढ़वाल, हीरालाल/ जियालाल, रोशनलाल/सेठू, पुंडलिक/गणपत, नानू/रोशन, उदेलाल गढ़वाल, मदन/ जगनलाल ग ढ़ वा ल , तीलाल धावेदर, मिकोटाल/शंकर, भगवत/बदन, दादू/मगराम, अजबीलाल/गुरू, गोरेलाल/ कल्लू आदि शामिल हैं।

# कर्ज, क्राइम और करप्शन की सरकार है भाजपा-कुणाल

## बालाघाट प्रवास पर पहुंचे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी

### लालबर्रा में कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से किया स्वागत-सत्कार, संगठित होकर काम करने का दिया मंत्र

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी शुक्रवार को अपने बालाघाट प्रवास के दौरान लालबर्रा पहुंचे। नगर मुख्यालय स्थित विश्राम गृह में दोपहर साढ़े तीन बजे किसान कांग्रेस कमेटी, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों के द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी का आतिशबाजी एवं फुल-मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। जिसके बाद श्री चौधरी विश्राम गृह में सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और सभी को आगामी चुनावों के मद्देनजर एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का मंत्र दिया। वहीं केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा की पहचान कर्ज, क्राइम और करप्शन की सरकार के रूप में बन गई है। चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान की नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को रसातल में धकेल दिया है। इस सरकार से किसान, गरीब, मध्यम वर्ग सभी परेशान है, सिर्फ झुठ बोलकर राज कर रही है। ऐसी सरकार को कांग्रेस पार्टी के हर विंग के पदाधिकारी संगठित होकर उन्हे सबक सीखाने के लिए तैयार है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार, किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष मुनेन्द्र ठाकरे, उपाध्यक्ष दिनेश मरार, कांग्रेस कमेटी पूर्ण ब्लाक उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढांडे, मनीष कुशवाहा, देवेश गौतम, दीपक तोमर, कमल शांडिल्य, ओपी बिसेन सहित किसान कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस सहित कांग्रेस पार्टी के अन्य विंगों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





#### सरकार अपने वादे से मुकर रही है - चौधरी

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुणाल चौधरी ने बताया कि भाजपा सरकार के द्वारा यूएसए डील के माध्यम से किसानों के पेट पर लात और छाती पर गोली मारने का काम किया है। हमारे कार्यकर्ता, हमारे नेता राहुल गांधी जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सरकार की नीतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। आगे बताया कि भाजपा सरकार एप्स स्टील फाइल के दबाव में जाकर जनता के मूल हितों को बेचने का काम कर रही है और देश के आर्थिक सामाजिक ढांचे को बेचने का काम कर रही है । हम सभी ने एकत्रित होकर संकल्प लिया है कि राहुल गांधी जी के नेतृत्व में देश में कांग्रेस की सरकार बनायेगें। श्री चौधरी ने बताया कि सरकार कहती कुछ है, करती कुछ है, गेहूं 2700 रूपये, धान 3100 रूपये प्रति क्विंटल खरीदी करने की बात कही थी परन्तु अब तक ना ही उन्हें बोनस मिला है, नहीं घोषणा के अनुसार समर्थन मूल्य। जबकि बालाघाट जिला धान का कटोरा कहलाता है और सरकार के द्वारा वादा पर वादा करके वोट ले लिया गया है और अपने वादे से मुकर रही है, वादे पूरा नहीं कर रही है। आगे बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराजसिंह चौहान के हाथ किसानों के खून से रंगे हुए हैं भाजपा सरकार झूठ बोलो, बार-बार बोलो और जोर से बोलो की नीति अपनाती हैं ऐसी सरकार को अब सबक सीखाया जायेगा।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन




**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हट्टा द्वारा ग्राम पंचायत खैरगाँव में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पीएमश्री शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कान्ता वर्मा (सहायक प्राध्यापक, शासकीय डिग्री कॉलेज लांजी) एवं डॉ. किशोरी लाल अहिरवार (सहायक प्राध्यापक, जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट) शामिल हुए। शिविरार्थियों ने गांव में रैली निकालकर जल है तो कल है और जल ही जीवन है जैसे प्रेरक नारों के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही विषय पर बौद्धिक चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें जल के संरक्षण और संवर्धन के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में शिविर नायक सुदेन्द्र छिपेकर सहित सुरभि रंगारे, स्वाति गौतम, दुर्गेश्वरी पारधी और श्रेया पंचेश्वर ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रेखा वानखेडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री बी.आर. महंत, धुरन प्रसाद सौलखे एवं नरेश लिल्हारे सहित अन्य शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को जागरूक करने का सराहनीय प्रयास किया गया।







# आयो लाल झूलेलाल के जयघोष से गुंजायमान हुआ नगर

## उल्लास और परंपरा के साथ धूमधाम से मनाई गई भगवान झूलेलाल जयंती

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर में स्थित गुरूनानक धर्मशाला में पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में शुक्रवार को झूलेलाल जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: १० बजे युवाओं के द्वारा प्रभात फेरी के माध्यम से बाईक रैली निकालकर नगर के विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे। जहां दोपहर १२ बजे भोग साहाब की पूजा अर्चना कर आरती के पश्चात भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान केक काटने के बाद आयोजन समिति के द्वारा जनप्रतिनिधियों का शाल से सम्मान किया गया। जिसके बाद लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय व गैर स्वजातीय बंधुओं ने उपस्थिति दर्ज करवाकर झूलेलाल और नानक देव का आशीर्वाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। सिंधी समाज अध्यक्ष गिरधारी चिमनानी ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान झूलेलाल जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया हैं। यह जयंती कार्यक्रम पांच दिवसीय आयोजन रखा गया था जिसमें सुबह प्रभात फेरी एवं सुबह-शाम आरती पूजन किया जाता रहा। आज विधिवत कार्यक्रम आयोजित किया गया इसमें सुबह बाइक रैली फिर भोग साहब कीर्तन और लंगर के पश्चात शोभायात्रा निकल कलश का विसर्जन किया गया है। समाज से अपील है कि वह भगवान झूलेलाल के संदेश पर अमल करें हर किसी को बराबर समझे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत पदाधिकारी सदस्य सहित स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बाइक रैली का हुआ आयोजन

सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा झूलेलाल जयंती के अवसर पर सुबह १० बजे बाइक रैली का आयोजन किया गया। यह रैली गुरु नानक धर्मशाला से निकाली गई। यह रैली गुरु नानक धर्मशाला से सरस्वती स्कूल, दीनदयाल चौक, रामपायली चौक, गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक, सब्जी बाजार होते हुए बस स्टैंड पहुंची। जहां से वापस गुरु नानक धर्मशाला में रैली का समापन किया गया। इस दौरान यह रैली विभिन्न चौक चौराहों व गलियों का भ्रमण किया। रैली में डीजे पर बज रहे आयो लाल झूलेलाल सहित अन्य भजनों पर नगर में जगह जगह रैली को रोककर युवाओं के द्वारा जमकर नृत्य भी किया गया।

### नगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा

गुरुनानक धर्मशाला से शाम करीब ५ बजे लंगर कार्यक्रम के बाद भव्य शोभायात्रा बैंड बाजे की धुन पर निकाली गई। यह शोभायात्रा में बड़ी संख्या में सिंधी समाज व अन्य समाज के लोगों ने उपस्थिति दर्ज करवाई। जो नगर के जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, आंबेडकर चौक सहित विभिन्न चौक चौराहों का भ्रमण कर वापस कटंगी रोड़ होते हुए शोभायात्रा वार्ड नं ८ के चंदोरी तालाब पहुंची। जहां पर कलशों का विसर्जन कर शोभायात्रा का समापन किया गया।

### जयंती में शामिल हुये विधायक पटेल

झूलेलाल जयंती कार्यक्रम में विधायक विवेक पटेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। जहां मत्था टेक कर नगर सहित क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। इस दौरान विधायक विवेक पटेल ने क्षेत्रीयजनों को चैत्र नवरात्र, हिन्दु नववर्ष, गुडीपाड़वा एवं झुलेलाल जयंती की शुभकामनाएं दी।

### पूर्व विधायक डॉ योगेन्द्र निर्मल ने दरबार में टेका मत्था

गुरुनानक धर्मशाला में आयोजित झूलेलाल जयंती में पूर्व विधायक डॉ योगेंद्र निर्मल शामिल हुए। जिन्होंने दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर मत्था टेक कर नगर सहित क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि की कामना की। उन्होने सिंधी समाज के गणमान्य नागरिकों को झूलेलाल जयंती,नववर्ष एवं नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दी।

### पूर्व मंत्री श्री जायसवाल ने भगवान झूलेलाल का लिया आशीर्वाद

झूलेलाल जयंती कार्यक्रम में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। जहां पर उनके द्वारा समाज के आयोजन में उपस्थिति दर्ज कराकर भगवान झूलेलाल के सामने मत्था टेक कर आशीर्वाद ग्रहण किया गया। जिन्होंने नगर सहित क्षेत्र व प्रदेश में सुख शांति समृद्धि बनाए रखने की कामना कर उपस्थित लोगों को हिंदू नववर्ष, नवरात्र पर्व, झूलेलाल जयंती की बधाई दी।

# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस गौरवपूर्ण गरिमा के साथ मनाया गया



**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** २० मार्च की सुबह १० बजे स्थानीय वीरांगना रानी अवंतीबाई स्टेडियम में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार सन् १८५७ के प्रथम स्वाधीनता संग्राम की अमर नायिका वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम श्री लोधी महासभा के तत्वाधान में आयोजित किया गया। लोधी समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज की एकता और राष्ट्रभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवा ध्वज के ध्वजारोहण से साथ किया गया तत्पश्चात वीरांगना रानी अवंतीबाई के तैलचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। उपस्थित जनों ने रानी के अदम्य साहस और देश के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। वही इस बात पर जोर दिया कि रानी अवंतीबाई ने न केवल अंग्रेजों से लोहा लिया बल्कि मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देकर नारी शक्ति का परचम लहराया। अध्यक्ष मोतीराम नगपुरे ने कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका बलिदान दिवस हमें सामाजिक एकजुटता और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने समाज की उन्नति और राष्ट्र सेवा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मोतीराम नगपुरे अध्यक्ष श्री लोधी महासभा वारासिवनी, मानिक नगपुरे कार्यकारी अध्यक्ष, अजीत नगपुरे उपाध्यक्ष, विनोड नगपुरे कोषाध्यक्ष, मनोज लिल्हारे, रतनलाल बिरनवार, आई.डी. रनगिरे, थानेन्द्र नगपुरे, पी.एल. लिल्हारे, नत्थुलाल लिल्हारे सहित समाज के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# खैरलांजी जनपद पंचायत परिसर में वीरांगना रानी अवंती बाई को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की महान नायिका वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस के अवसर पर २०मार्च को जनपद पंचायत परिसर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार नगपुरे के मुख्य अतिथ्य सहित अन्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके अदम्य साहस और देशप्रेम को याद किया। कार्यक्रम की



शुरुआत रानी अवंती बाई की प्रतिमा की साफ-सफाई और पूजन अर्चन के साथ हुई। उपस्थित अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रानी अवंती बाई ने अंग्रेजों की दासता स्वीकार करने के बजाय रणक्षेत्र में लड़ते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका बलिदान आज भी युवाओं को राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। रामकुमार नगपुरे ने कहा कि वीरांगना रानी अवंती बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर बलिदान दिवस पर हमने उन्हें याद किया हैं। १८५७ की क्रांति में रानी के ऐतिहासिक योगदान रहा और उनके साहसी नेतृत्व आज पूरे समाज के सामने है। हम चाहते हैं कि रानी अवंती बाई के आदर्शों को जीवन में उतारने और सामाजिक समरसता बनाए रखे। इस अवसर पर भारत सिंह शिवहरे, अजाब सिंह कृपगये, युवराज बघेले, रोशनलाल लिल्हारे, रामकुमार बहेटवार, विकास कृपगये, ज्ञानीजन लिल्हारे, देवेंद्र लिल्हारे, डिलेद्र पगरे, सुभाष क्षीरसागर, मुकेश बंसोड़, हरिकिशन हरिंनखेड़े, लक्ष्मण देव्हारे सहित अन्य सामाजिक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

# अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विधायक विवेक पटेल को सौंपा ज्ञापन

## शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने शिक्षकों ने की मांग

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** शिक्षक समाज का दर्पण है जिनके बिना मनुष्य ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता है। शिक्षकों के बिना छात्र कभी अपने मुकाम तक नहीं पहुंच सकता है मगर अब इन्हीं शिक्षकों को सरकार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा देने का आदेश जारी कर दिया है। अपनी प्रतिष्ठा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुए वारासिवनी-खैरलांजी क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में शिक्षक शुक्रवार को वारासिवनी विधायक विवेक पटेल के जनसंपर्क कार्यालय पहुंचे। जहाँ शिक्षकों के द्वारा अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वाधान में विधायक विवेक पटेल को ज्ञापन सौपा गया वहीं शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। वही उक्त संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई जिसमें शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए विधायक विवेक पटेल ने ड़ॉ. मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल, राव उदय प्रताप सिंह स्कूल शिक्षा मंत्री मध्य प्रदेश शासन भोपाल को तत्काल पत्र लिखकर शिक्षक पात्रता परीक्षा समाप्त की मांग की गयी। ज्ञापन में संयुक्त मोर्चा ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय म. प्र. भोपाल के पत्र २ मार्च २०२६ के अनुसार २०११ के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया गया है जो न्याय संगत नहीं है व शिक्षकों की प्रतिष्ठा के खिलाफ है। शिक्षकों की प्रतिष्ठा एवं सम्मान को ध्यान में रखते हुये शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करवाने एंव शिक्षकों के हित में म.प्र. शासन द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करवाये। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।




### शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होती समाप्त तो हमें इच्छा मृत्यु की अनुमति प्रदान करें - रोशनलाल नगपुरे

ब्लाक अध्यक्ष रोशनलाल नगपुरे ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा करवाने जा रही है २००९ के पूर्व जितने शिक्षकों की नियुक्ति हुई है। उन्हें शिक्षक पात्रता परीक्षा देना होगा नहीं तो नौकरी समाप्त की जायेगी। हमारी मांग है कि २००९ के पूर्व जो नियुक्त शिक्षक है उस समय की जो हमारी योग्यता शासन के मापदंड थे उसको पूरा करके ही हम शासकीय सेवा में आए है। अब हमें पुन: परीक्षा देना का क्या मतलब है ये हमारे मान सम्मान और प्रतिष्ठा का सवाल है हम नहीं चाहते कि हमें पुन:परीक्षा देनी पड़े। प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में पुन: विचार याचिका दायर करे बाकी राज्यों ने जैसा किया है वैसा ही हमारी प्रदेश सरकार करे। शिक्षा विभाग में इस आदेश के बाद बहुत आक्रोश पनप रहा है सुप्रीम कोर्ट से हमारा निवेदन है कि अगर सरकार याचिका नहीं लगाती है तो हम सभी शिक्षकों को इच्छा मृत्यु के लिए हमें अनुमति प्रदान करे।

### वरिष्ठता समाप्त कर 2018 की नियुक्ति बताने पर कैसी परीक्षा - प्रमोद पारधी

शिक्षक प्रमोद पारधी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा आदेश हुआ है कि २००९ के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता मुख्य रूप से देना होगा। वहीं एक तरफसरकार हमें २०१८ के शिक्षक मानती है १५ वर्षो की वरिष्ठता समाप्त कर दी गयी है। नियुक्ति दिनांक हमारा २०१८ मान लिया गया है जब हमें २०१८ के नियुक्त शिक्षक मान लिया गया है। तो फिर २००९ के पहले के शिक्षको या उनकी परीक्षा होना है। जिस परिस्थिति में उस समय वेकेंसी निकली शासन की जो भी व्यवस्था थी हमे नियुक्त किया गया था। उस समय कोई ऐसी परिस्थिति नहीं थी। अभी वर्तमान स्थिति में यह परीक्षा की बात लाकर हम शिक्षकों को विचलित कर दिया है। जो शिक्षक पेंशन की ओर जा रहा है उससे शासन हमें भटका रही है ध्यान हमारा परीक्षा की ओर कर दिया गया है जो शिक्षकों का अपमान है।

### प्रदेश सरकार कर रही हमारे गुरुओं का अपमान - विवेक पटेल

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि हमारे कई शिक्षक लगभग २०-२५ वर्षों से नौकरी कर रहे है। सरकार का आदेश है कि सभी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा देना होगा। जबकि सभी पूरा मापदंड पूरा करके ही सभी शिक्षकों का चयन किया गया है। सरकार जो शिक्षकों से परीक्षा लेना चाहती है ये हमारे गुरुओं का अपमान है। शिक्षक हमारा राष्ट्र निर्माता है शिक्षकों को पूरा सम्मान मिलना चाहिए। हमने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और स्कूल शिक्षा मंत्री रावउदय सिंह को पत्र लिखकर शिक्षक पात्रता परीक्षा को समाप्त करने की मांग की है।

# सिहोर के लोहार समाज के डेरे वालो के साथ प्रदीप जायसवाल ने मां चिंदराई देवी की करी आराधना

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** आदिशक्ती जगत जननी की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि मे इस साल भी विशेष रूप से क्षेत्र मे सिहोर से पहुचे डेरे वालो ने विधि विधान से मां चिंदराई देवी मंदिर में आराधना की। लोहार समाज के डेरे वालो के विशेष निमत्रंण पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल भी इस अनुष्ठान मे शामिल होकर जयकारे लगाते नजर आये। गौरतलब है कि पिछले १५ साल से क्षेत्र मे आने वाले इन लोगो ने दोनो नवरात्रि मे मां चिंदराई देवी मंदिर मे विशेष पूजन कार्य का सिलसिला इस साल भी जारी रखा है। राजस्थानी संस्कृति की पहचान सिहोर म.प्र. से इस साल भी अनेको डेरे वाले जगह जगह अपनी कला की वस्तुये कुल्हाडी, कढाई, तवा आदि सामग्री विक्रय करने के लिये आये हुये है। खमरिया के निकट मां चिंदराई मंदिर मे नवरात्रि के दुसरे दिवस इन लोगो ने विशेष पूजन कर खीर पुडी का पकवान भी मातारानी के भोग के लिये बनाया। साथ ही भव्य भंडारे का भी आयोजन कर जस मंडली के साथ अपनी आराधना को सतत रूप से जारी रख इस जगह






के प्रति अपने भक्तिभाव व स्नेह को प्रदर्शित भी किया। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भी आराधना के बाद लंबे समय तक इन परिवार के सदस्यो से चर्चा की जिसमें वरिष्ठ सदस्य लाट सिंह सिहोर ने बताया की हम लोग लोहार समाज के सदस्य है। हम सभी जिला सिहोर म.प्र. के कुमेरेश्वर धाम क्षेत्र से हर साल आते है। पिछले १५ साल से आने के कारण हमारी मां चिंदराई देवी पर विशेष आस्था है। हमने चैत्र नवरात्रि पर आज अपनी आस्था का प्रदर्शन किया है। और हम अगली शारदीय नवरात्रि पर भी पुन इस मंदिर मे आकर मातारानी की स्तुति इसी अंदाज मे अवश्य करेगे। इस अवसर पर लाट सिंह, सीताराम घनपीटे, राहुल घनपीटे, देवकरण घनपीटे, छतरसिंह घनपीटे, बालुबाई घनपीटे, सजनबाई घनपीटे, विनय सुराना, संतोष आडे सहित अन्य मौजूद रहे।

# गणगौर उत्सव भारतीय नारी श्रद्धा और सौभाग्य की अनुपम परंपरा

भारत की सांस्कृतिक परंपराएँ विविधता और आस्था का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती हैं। इन्हीं परंपराओं में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और लोकजीवन से गहराई से जुड़ा हुआ पर्व है गणगौर। यह उत्सव विशेष रूप से राजस्थान की पहचान माना जाता है, किंतु भारत के लगभग सभी प्रांतों में अलग-अलग नामों और रीति-रिवाजों के साथ इसे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाता है। गणगौर का यह पर्व नारी के सौभाग्य, प्रेम, समर्पण और पारिवारिक सुख-समृद्धि की कामना का प्रतीक है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि भारतीय नारी की आस्था, विश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। गणगौर शब्द दो भागों से मिलकर बना है—'गण' अर्थात भगवान शिव और 'गौर' अर्थात पार्वती। इस प्रकार यह पर्व शिव और पार्वती के पावन दांपत्य जीवन का प्रतीक है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह उत्सव चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है, जिसे गौरी तृतीया भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएँ विशेष रूप से माता पार्वती की पूजा करती हैं और उनसे अखंड सौभाग्य तथा सुखी वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद मांगती हैं। शास्त्रों और पुराणों में वर्णित कथा के अनुसार एक बार भगवान शिव, पार्वती और नारद के साथ पृथ्वी लोक का भ्रमण कर रहे थे। भ्रमण के दौरान वे एक गांव में पहुँचे, जहाँ उस दिन चैत्र शुक्ल तृतीया का पावन दिन था। जब गाँव की स्त्रियों को यह ज्ञात हुआ कि स्वयं शिव और पार्वती उनके बीच आए हैं, तो वे अत्यंत प्रसन्न हुईं और उनका पूजन करने की तैयारी में जुट गईं। इस दौरान समाज की साधारण स्त्रियाँ बिना विलंब किए सरल भाव से पूजा की सामग्री लेकर पहुँच गईं, जबकि संपन्न वर्ग की स्त्रियाँ विस्तृत तैयारी में समय लगा रही थीं। पार्वती जी ने उन साधारण स्त्रियों की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद दिया। बाद में जब सुसज्जित स्त्रियाँ पूजन के लिए आईं, तब पार्वती जी ने उन्हें भी विशेष आशीर्वाद प्रदान किया।

इस कथा का सार यह है कि ईश्वर के समक्ष बाहरी आडंबर से अधिक महत्व सच्ची श्रद्धा और भक्ति का होता है। यही संदेश गणगौर पर्व के मूल में निहित है। एक अन्य कथा के अनुसार पार्वती जी ने इस दिन नदी तट पर स्नान कर बालू से शिवलिंग बनाकर उनकी पूजा की थी। उन्होंने यह पूजा एकांत में और शिव जी से छिपकर की थी, किंतु अंतर्यामी शिव ने उनकी इस निष्ठा को पहचान लिया और उन्हें अटल सौभाग्य का वरदान दिया। इसी कारण यह व्रत विशेष रूप से महिलाओं द्वारा किया जाता है और इसकी सभी विधियाँ महिलाएँ ही संपन्न करती हैं।गणगौर के दिन महिलाएँ विशेष रूप से सोलह श्रृंगार करती हैं और सुंदर वस्त्र एवं आभूषण धारण करती हैं। घर में एक पवित्र स्थान पर चौकोर वेदी बनाकर उसे हल्दी, चंदन, केसर और अन्य पवित्र सामग्रियों से सजाया जाता है। इसके बाद बालू या मिट्टी से गौरी अर्थात पार्वती की प्रतिमा बनाई जाती है। इस प्रतिमा को सुहाग की वस्तुओं जैसे काँच की चूड़ियाँ, सिंदूर, रोली, महावर आदि से सजाया जाता है और फल, फूल तथा नैवेद्य अर्पित किए जाते हैं। पूजा के दौरान महिलाएँ भजन-कीर्तन करती हैं और पार्वती जी की आराधना में लीन रहती हैं। इस दिन विशेष रूप से एक समय ही भोजन करने का विधान है, जो व्रत की पवित्रता और अनुशासन को दर्शाता है। पूजा के पश्चात महिलाएँ गौरी को अर्पित सिंदूर को अपनी मांग में भरती हैं, जो उनके सौभाग्य और वैवाहिक सुख का प्रतीक माना जाता है। गणगौर पर्व का एक सामाजिक पक्ष भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विवाह के बाद नवविवाहिता लड़की अपने मायके में पहला गणगौर मनाती है और वहाँ से 'वायना' के रूप में मिठाई, वस्त्र और सुहाग सामग्री ससुराल भेजती है। इसके बाद वह प्रत्येक वर्ष अपने ससुराल में यह पर्व मनाती है और अपनी सास को सम्मान स्वरूप भेंट देती है। इस परंपरा से परिवारों के बीच प्रेम, सम्मान और संबंधों की मधुरता बनी रहती है।

# मन की पावनता और गुणों का महत्व मानव जीवन की सच्ची संपदा

मानव जीवन का वास्तविक मूल्य बाहरी वैभव, धन-संपत्ति या शक्ति से नहीं, बल्कि उसके भीतर विद्यमान गुणों से तय होता है। इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि संसार में अनेक शक्तिशाली शासक और आक्रान्ता हुए जिन्होंने अपनी ताकत के बल पर देशों को रौंदा, लोगों पर अत्याचार किए और भय का वातावरण बनाया। भारत की भूमि भी ऐसे आक्रमणों से अछूती नहीं रही। इतिहास के पन्नों में जब हम मोहम्मद गजनवी, मोहम्मद गोरी, नादिरशाह और तैमूरलंग जैसे आक्रांताओं के क्रूरतापूर्ण कार्यों को पढ़ते हैं, तो मन सिहर उठता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि कभी-कभी ऐसे क्रूर व्यक्तियों के जीवन से भी ऐसी घटनाएँ सामने आती हैं, जो हमें जीवन के गहरे सत्य की सीख दे जाती हैं।

तैमूरलंग के जीवन का एक प्रसंग इस सत्य को उजागर करता है। एक बार उसने दो मजबूत गुलामों को खरीदा और अपने दरबार में कवि अहमदी से उनकी कीमत पूछी। कवि ने मुस्कराकर कहा कि इनकी कीमत पाँच टके होगी। तैमूरलंग को यह सुनकर बहुत क्रोध आया, क्योंकि उसने उन्हें चार हजार अशर्फियों में खरीदा था। जब उसने अपनी कीमत पूछी तो कवि ने उसे दो टके बताया। यह सुनकर वह क्रोधित हो उठा, पर कवि ने शांत स्वर में कहा कि जो व्यक्ति अपनी बुराइयों का सामना नहीं कर सकता, वह दूसरों से भी कम मूल्य का होता है। यह बात सुनकर तैमूरलंग मौन हो गया। यह छोटी सी घटना हमें यह समझाती है कि मनुष्य का असली मूल्य उसके गुणों और उसके चरित्र से होता है, न कि बाहरी शक्ति से।

संसार में गुणों का महत्व सर्वोपरि है। जिस वृक्ष पर फल, फूल और पत्ते नहीं होते, उसका कोई विशेष महत्व नहीं होता। उसी प्रकार बाँझ गाय भी किसी के लिए उपयोगी नहीं मानी जाती। ठीक इसी तरह यदि मनुष्य के जीवन में गुणों का अभाव हो जाए तो उसका जीवन भी निरर्थक हो जाता है। मनुष्य की आत्मा को मूल्यवान बनाने के लिए सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र का होना आवश्यक है। यह तीनों तत्व जीवन को ऊँचा उठाते हैं और आत्मा को श्रेष्ठ बनाते हैं।

मनुष्य के जीवन की तुलना उस पक्षी से की जा सकती है जिसके पास उड़ने के लिए पंख होते हैं। यदि पक्षी के पंख ही न हों तो वह आकाश में उड़ान नहीं भर सकता। इसी प्रकार जीवन में यदि सही विचार और सही आचरण के पंख न हों तो मनुष्य भी आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक नहीं पहुँच सकता। जीवन की सफलता के लिए आत्मानुशासन और सद्गुणों का विकास अत्यंत आवश्यक है।

जीवन में गुणों का महत्व समझाने के लिए एक और उदाहरण दिया जा सकता है। यदि कोई व्यक्ति कुआँ खोदता जाए लेकिन उसमें पानी ही न निकले तो उसका सारा परिश्रम व्यर्थ हो जाता है। उसी प्रकार यदि कोई मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक लंबा जीवन जी ले, लेकिन उस जीवन में धर्म, सदाचार और आत्मचिंतन न हो, तो उसका जीवन भी बिना पानी के कुएँ के समान ही होता है। पानी के कारण ही कुएँ का अस्तित्व सार्थक होता है, उसी तरह गुणों के कारण ही मनुष्य का जीवन सार्थक बनता है।



आज का समय एक ऐसी विडंबना प्रस्तुत करता है जहाँ भौतिक प्रगति तो बहुत हो रही है, लेकिन मानवीय गुणों में कमी दिखाई दे रही है। मनुष्य तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ता जा रहा है, परंतु उसके भीतर की मानवता कहीं कमजोर पड़ती जा रही है। यही कारण है कि आज समाज में स्वार्थ, छल-कपट, हिंसा और ईर्ष्या जैसी प्रवृत्तियाँ बढ़ती दिखाई देती हैं। जब मानवता कमजोर पड़ती है तो दानवता सिर उठाने लगती है। इसलिए आज के समय में यह और भी आवश्यक हो गया है कि मनुष्य अपने भीतर झाँककर अपने गुणों को विकसित करे। मानवीय गुण धीरे-धीरे विकसित होते हैं। जैसे एक-एक ईंट जोड़कर मंदिर का निर्माण होता है, वैसे ही एक-एक सद्गुण को अपनाकर व्यक्ति अपने जीवन को महान बना सकता है। सत्य, करुणा, दया, सहिष्णुता, संयम और विनम्रता जैसे गुण मनुष्य को ऊँचा उठाते हैं। इन गुणों को अपनाने से जीवन में स्थायी सुख और शांति प्राप्त होती है।

गुणों की प्राप्ति के लिए स्वाध्याय का बहुत महत्व है। अच्छे ग्रंथों का अध्ययन और महापुरुषों की वाणी का श्रवण मनुष्य के विचारों को पवित्र बनाता है। महान चिंतकों ने भी पुस्तकों के महत्व को स्वीकार किया है। एक बार प्रसिद्ध विचारक इमर्सन से किसी ने पूछा कि यदि उन्हें स्वर्ग जाने का अवसर मिले तो वे क्या तैयारी करेंगे। उन्होंने उत्तर दिया कि वे अपनी सारी पुस्तकें साथ ले जाएंगे ताकि वहाँ भी उनका समय ज्ञान अर्जित करने में लगे। यह कथन बताता है कि ज्ञान और स्वाध्याय मनुष्य के जीवन को ऊँचा उठाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन हैं।

मानव जीवन का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि मनुष्य को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए। समय किसी का इंतजार नहीं करता। जो व्यक्ति समय रहते अपने जीवन को सुधार लेता है वही महान बनता है। इसलिए मनुष्य को अपना समय परनिंदा, आलस्य और व्यर्थ की बातों में नष्ट नहीं करना चाहिए। संत तुलसीदास ने भी कहा है कि परनिंदा के समान बड़ा पाप कोई नहीं है। सच्चा मनुष्य वही है जो अपने समय को ज्ञान, साधना और सद्गुणों के विकास में लगाता है।

मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं है। धन, वैभव और ऐश्वर्य क्षणभंगुर होते हैं। इनसे स्थायी सुख प्राप्त नहीं होता। वास्तविक सुख आत्मिक शांति में होता है। जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर अपने आत्मस्वरूप को पहचानता है तब उसे सच्चा आनंद मिलता है। यही आत्मिक सुख जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

मनुष्य को यह भी समझना चाहिए कि उसका मन ही उसके जीवन का सबसे बड़ा साधन है। यदि मन शुद्ध और शांत रहेगा तो जीवन भी सुखी और शांत रहेगा। लेकिन यदि मन में बुरे विचार और नकारात्मक भाव भर जाएँ तो जीवन अशांत हो जाता है। इसलिए मन की शुद्धि अत्यंत आवश्यक है।

मन को शुद्ध रखने के लिए आत्मानुशासन जरूरी है। प्राचीन ऋषियों और मुनियों ने मन और आत्मा की शुद्धि के लिए अनेक मार्ग बताए हैं। उन्होंने कहा है कि मनुष्य को अशुभ भावों को त्यागकर शुभ भावों को अपनाना चाहिए। क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसे दोष मन को अशांत बनाते हैं, जबकि दया, क्षमा और प्रेम जैसे गुण मन को पवित्र बनाते हैं। मन की शुद्धि को समझाने के लिए एक रोचक उदाहरण दिया जाता है। एक व्यक्ति नदी में स्नान करने के बाद माला जप रहा था। उसके सामने एक फकीर भी माला फेर रहा था, लेकिन वह माला को उलटी दिशा में फेर रहा था। जब उस व्यक्ति ने इसका कारण पूछा तो फकीर ने कहा कि जब वह दुनिया की अच्छाइयों को अपने भीतर ग्रहण करता है तो माला को अंदर की ओर फेरता है और जब वह अपने मन की बुराइयों को बाहर निकालना चाहता है तो माला को बाहर की ओर फेरता है। इस उदाहरण का अर्थ यह है कि मनुष्य को जीवन की अच्छाइयों को अपने भीतर उतारना चाहिए और बुराइयों को बाहर निकाल देना चाहिए।

अंतत: यही कहा जा सकता है कि मनुष्य का जीवन तभी सार्थक बनता है जब वह अपने भीतर के गुणों को विकसित करता है। बाहरी उपलब्धियाँ क्षणिक होती हैं, परंतु अच्छे गुण मनुष्य को सदा महान बनाते हैं। यदि मनुष्य अपने जीवन में अच्छाइयों को अपनाए और बुराइयों को त्याग दे, तो उसका जीवन वास्तव में पवित्र और सफल बन सकता है। यही मन की पावनता और गुणों की महत्ता का वास्तविक संदेश है।

**- कांतिलाल मांडोत**

# बच्चों के नैसर्गिक विकास पर सोशल मीडिया का ग्रहण

बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव पर राज्यसभा में गंभीर चिंता व्यक्त की गई है । सांसद मिलिंद देवड़ा ने अपने वक्तव्य में बताया कि राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के अनुसार, 2022 में भारत में लगभग 13,000 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की, जो 2013 की तुलना में लगभग दोगुनी संख्या है। यही नहीं आज भारत में कुल आत्महत्याओं में लगभग 10 प्रतिशत हिस्सेदारी विद्यार्थियों की है। याद रहे 4 फरवरी को गाजियाबाद में 12, 14 और 16 वर्ष की तीन बहनों ने आत्महत्या कर ली। बताया गया कि यह घटना ऑनलाइन खेलों की लत से जुड़ी थी।

आपको पता है कि इंटरनैट के जमाने में हर चीज मोबाइल फोन पर उपलब्ध होने के कारण सोशल मीडिया का महत्व बहुत बढ़ गया है और लोग बड़े पैमाने पर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे जहां उपयोगी जानकारी मिलती है वहीं इस पर उपलब्ध अनुचित और अश्लील सामग्री बच्चों के लिए हानिकारक भी सिद्ध हो रही है।स्कूल हो या घर, हर जगह बच्चे मोबाइल का इस्तेमाल करते रहते हैं। सोशल मीडिया का अत्यधिक इस्तेमाल बच्चों की मानसिक स्थिति पर बुरा असर डाल रहा है और बच्चों में नींद की कमी भी देखी गई है। यह बच्चों में डिप्रैशन, चिंता और तनाव उत्पन्न करने का कारण भी बन रहा है।

भारत में सोशल मीडिया प्लेटफार्म के उपयोगकर्ताओं में लगभग एक-तिहाई किशोर हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में 2010 के बाद किशोरों में अवसाद और आत्महत्या के मामलों में तेज वृद्धि देखी गई, ठीक उसी समय जब एक कंपनी फेसबुक ने युवाओं को आक्रामक रूप से अपने मंच की ओर आकर्षित करना शुरू किया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अधिक समय बिताने के कारण बच्चों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है तथा माता-पिता के साथ उनकी दूरी एवं स्वभाव में हिंसक प्रवृत्ति बढ़ने के साथ-साथ एकाग्रता में कमी आ रही है।

सोशल मीडिया की लत से बच्चों को बचाने की खातिर आस्ट्रेलिया, इंगलैंड, मलेशिया, स्पेन, नार्वे, जर्मनी, इटली व चीन तथा चंद अन्य देशों ने भी बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लागू कर दिए हैं।

इसी सिलसिले में फ्रांस सरकार ने भी 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की कवायद शुरू कर दी है। देश की नैशनल असैम्बली ने इससे संबंधित बिल को स्वीकृति दे दी है। इसे देश में 1 सितम्बर, 2026 से शुरू होने वाले आगामी शिक्षा सत्र से लागू कर दिया जाएगा।




आंकड़े बताते हैं कि भारत के लगभग 27 प्रतिशत किशोरों में सोशल मीडिया प्लेटफार्म की लत के लक्षण दिखते हैं। इसके साथ-साथ पढ़ाई में गिरावट, चिंता और आत्मविश्वास की कमी भी देखी जा रही है। उन्होंने सदन में कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार महानगरों में लगभग 33 प्रतिशत बच्चे साइबर उत्पीड़न का सामना करते हैं। राष्ट्रीय अपराध अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार, किशोरों से जुड़े हिंसक अपराधों की हिस्सेदारी 2016 में 32 प्रतिशत थी, जो 2022 तक बढ़कर लगभग 50 फीसदी के करीब पहुंच गई।

आपको बता दें कि फ्रांस ने 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और विद्यालयों में मोबाइल फोन पर भी रोक लगाई है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा 16 साल से कम उम्र के बच्चों पर सोशल मीडिया बैन लगाने के कड़े फैसला लिया गया ऑस्ट्रेलिया ने इसे 16 वर्ष से कम आयु तक सीमित किया है। हाल ही में इंडोनेशिया ने भी किशोरों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई है और ऐसा करने वाला वह एशिया का पहला देश बन गया है। स्पेन और जर्मनी भी इसी दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का कहना है कि हमारे बच्चों के दिमाग बिकाऊ नहीं हैं। बच्चों की मानसिक और भावनात्मक सेहत को उन कम्पनियों के भरोसे पर नहीं छोड़ा जा सकता जिनका उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना है। वहीं स्वीडन के कोरोलिंस्का इंस्टीट्यूट ने ऑरेगन हेल्थ एंड साइंस यूनिवर्सिटी के साथ एक अध्ययन किया गया कि बच्चे कितने समय तक अलग-अलग डिजिटल एक्टिविटी करते हैं. स्टडी में भाग लेने वाले बच्चों ने एवरेज 2.3 घंटे टीवी या ऑनलाइन वीडियो देखे, 1.4 घंटे तक सोशल मीडिया यूज किया और 1.5 घंटे तक वीडियो गेम्स खेलें. इन से एकाग्रता बुरी तरह से प्रभावित है।

भारत में पहले से ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण ढांचा मौजूद है, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए अभिभावकों की सत्यापित सहमति जैसे प्रावधान हैं। लेकिन हमें इससे आगे बढ़कर सोशल मीडिया कंपनियों को और अधिक जवाबदेह बनाना होगा। बता दें कि पिछले कुछ समय से भारत में नाबालिगों द्वारा सोशल मीडिया पर अश्लील और हिंसा को बढ़ावा देने वाली सामग्री देख कर बलात्कार जैसी वारदातें करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं 23 अक्तूबर, 2025 को जोधपुर (राजस्थान) में 3 वर्षीय बच्ची से बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने एक किशोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के मोबाइल की जांच करने से पता चला कि उसने वारदात करने से पहले 15-20 अश्लील वीडियो देखे थे।

6 फरवरी, 2026 को बदायूं (उत्तर प्रदेश) के दातागंज में 8 और 14 साल की उम्र के 2 लड़कों को मोबाइल फोन पर अश्लील वीडियो देखने के बाद एक 6 साल की बच्ची से सामूहिक बलात्कार करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया।13 फरवरी, 2026 को रीवा (मध्य प्रदेश) में कुरकुरे दिलवाने के बहाने अपनी 6 वर्षीय बहन से बलात्कार करने के आरोप में एक 14 वर्षीय नाबालिग को पुलिस ने हिरासत में लिया।7 मार्च, 2026 को हाथरस (उत्तर प्रदेश) में जंगल में चारा लेने गई चौथी क्लास की छात्रा को मोबाइल फोन पर अश्लील सामग्री देखने के आदी 2 लड़के बेर देने अपने साथ ले गए और उससे बलात्कार कर डाला। दोनों लड़कों को पुलिस ने पकड़ लिया है।इस तरह की घटनाओं को देखते हुए 6 मार्च, 2026 को आंध्र प्रदेश और कर्नाटक की सरकारों ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है और ऐसा कदम उठाने वाले ये देश के पहले 2 राज्य बन गए हैं।

आंध्र व कर्नाटक सरकारों द्वारा उक्त प्रतिबंध लगाने से बच्चों के चारित्रिक पतन को किसी सीमा तक रोकने में सहायता मिलेगी। सरकार की ओरसे करवाए गए एक अध्ययन में पाया गया कि 10-15 साल के 96 प्रतिशत बच्चे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते थे और उनमें से 10 में से सात हानिकारक कंटेंट के संपर्क में आए थे. इसमें महिलाओं के प्रति नफरत और हिंसक सामग्री के साथ-साथ खाने की बीमारियों और आत्महत्या को बढ़ावा देने वाला कंटेंट भी शामिल था. अब तक 10 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को बैन लागू करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट, थ्रेड्स, टिकटॉक, ट्विच, एक्स, यूट्यूब, किक और रेडिट शामिल हैं. ऐसे में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए यह कदम बहुत ही सराहनीय है.अत: सभी राज्यों में इस तरह के कानून को तुरंत सख्तीपूर्वक लागू करने और उस पर अमल सुनिश्चित करवाने की जरूरत है, ताकि बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाया जा सके।

**- मनोज कुमार अग्रवाल**

**अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस, 21 मार्च 2026 पर विशेष**

# सृष्टि संतुलन के लिये वनों की पुकार सुननी होगी

21 मार्च को प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस केवल एक प्रतीकात्मक उत्सव नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के सामने खड़ी एक गंभीर चुनौती की ओर संकेत करने वाला अवसर है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2012 में इस दिवस की घोषणा इस उद्देश्य से की गई थी कि विश्व समुदाय वनों के महत्व को समझे, उनके संरक्षण के लिए संगठित प्रयास करे और प्रकृति के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की दिशा में आगे बढ़े। आज जब पृथ्वी अभूतपूर्व पर्यावरणीय संकटों से जूझ रही है, तब इस दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। वर्ष 2026 की थीम वन और भोजन यह स्पष्ट करती है कि वन केवल हरित आच्छादन नहीं, बल्कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा के मूल स्तंभ हैं।

वर्तमान समय में पर्यावरणीय असंतुलन अपने चरम पर है। जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती आवृत्ति ने मानव जीवन को संकटग्रस्त कर दिया है। इन परिस्थितियों में वन एक ऐसे प्राकृतिक तंत्र के रूप में सामने आते हैं, जो पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर वैश्विक तापवृद्धि को नियंत्रित करते हैं, जल चक्र को संतुलित रखते हैं और मृदा अपरदन को रोकते हैं। इसके बावजूद, विडंबना यह है कि मानव अपनी तात्कालिक आवश्यकताओं और आर्थिक विकास की अंधी दौड़ में वनों का अंधाधुंध दोहन कर रहा है। यही कारण है कि आज वन महोत्सव जैसे आयोजनों की आवश्यकता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक व्यापक सामाजिक जागरण के रूप में महसूस की जा रही है।


वनों की उपयोगिता का दायरा केवल पर्यावरणीय संतुलन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आर्थिक और सामाजिक जीवन से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। 2026 में प्रस्तावित वनों और अर्थव्यवस्था थीम इस तथ्य को रेखांकित करती है कि वन सतत आर्थिक विकास के आधार हैं। लाखों लोगों की आजीविका सीधे तौर पर वनों पर निर्भर है। लघु वनोपज, औषधीय पौधे, रेजिन, गोंद, शहद और बांस जैसे उत्पाद न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसके साथ ही, इको-टूरिज्म के माध्यम से भी रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। इस प्रकार वन एक ऐसे आर्थिक संसाधन के रूप में सामने आते हैं, जो विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित कर सकते हैं। वनों का सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है। विशेष रूप से स्वदेशी और आदिवासी समुदायों के लिए वन जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। उनकी परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवनशैली वनों से ही संचालित होती हैं। वन उनके लिए केवल संसाधन नहीं, बल्कि अस्तित्व का आधार हैं। इसी कारण, वन संरक्षण केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक संरक्षण का भी विषय है। वन महोत्सव जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर इस साझा जिम्मेदारी का बोध कराते हैं कि वनों की रक्षा केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है।

भारत के संदर्भ में वनों का महत्व और भी अधिक व्यापक और बहुआयामी है। यहाँ वन केवल प्राकृतिक संपदा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक हैं। भारतीय परंपरा में वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। पीपल, वट और नीम जैसे वृक्ष केवल जैविक इकाइयाँ नहीं, बल्कि जीवनदायी शक्ति के रूप में पूजे जाते हैं। भारत की समृद्ध जैव विविधता वनों पर ही निर्भर है, और इसका संरक्षण देश की पारिस्थितिक सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। वन देश की जलवायु को संतुलित रखने, वर्षा चक्र को नियंत्रित करने और कृषि उत्पादन को स्थिर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भारत में वनों की उपयोगिता का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि वे ग्रामीण और आदिवासी जीवन की आधारशिला हैं। देश के लाखों लोग अपनी आजीविका के लिए वनों पर निर्भर हैं। भोजन, ईंधन, चारा और औषधीय आवश्यकताओं की पूर्ति वनों के माध्यम से होती है। इसके अतिरिक्त, वन जल संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे नदियों और जल स्रोतों का अस्तित्व बना रहता है। आज जब देश के कई हिस्सों में जल संकट गहराता जा रहा है, तब वन संरक्षण की आवश्यकता और भी अधिक स्पष्ट हो जाती है।

वर्तमान शासनकाल में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वन संरक्षण और हरित विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण पहलें की गई हैं। हरित भारत मिशन के तहत बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य देश के वन क्षेत्र को बढ़ाना और पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखना है। नमामि गंगे परियोजना के माध्यम से नदियों के किनारे वृक्षारोपण कर जल संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के प्रयास किए गए हैं। इसके साथ ही, कैम्पा फंड के प्रभावी उपयोग से वन पुनर्स्थापन और संरक्षण कार्यों को गति मिली है। सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी हरित आवरण बढ़ाने के लिए मियावाकी पद्धति को प्रोत्साहित किया है, जिससे छोटे-छोटे स्थानों में घने वन विकसित किए जा रहे हैं। इन पहलों के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि वर्तमान समय में विकास और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ लेकर चलने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार की नीतियाँ यह दर्शाती हैं कि यदि सही दृष्टिकोण अपनाया जाए, तो आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन के बीच सामंजस्य स्थापित किया जा सकता है। हालांकि, यह भी आवश्यक है कि इन प्रयासों में जनसहभागिता को और अधिक बढ़ाया जाए, क्योंकि वनों की सुरक्षा केवल सरकारी योजनाओं से संभव नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक प्रयासों से ही सुनिश्चित की जा सकती है।

अंतत: वन महोत्सव और अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस हमें यह संदेश देते हैं कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखना ही मानव सभ्यता की स्थिरता का आधार है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम वनों को केवल संसाधन के रूप में न देखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन का अभिन्न अंग मानें। जब तक यह दृष्टिकोण विकसित नहीं होगा, तब तक पर्यावरणीय संकटों का समाधान संभव नहीं है। यदि हम सचमुच अपने भविष्य को सुरक्षित रखना चाहते हैं, तो हमें वनों की रक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा। यही वन महोत्सव की वास्तविक सार्थकता है और यही अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस का मूल संदेश भी।

**-ललित गर्ग**





# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर। एजेंसी।** शुक्रवार को भी खाद्य तेलों में बाजार तेजी के बने रहे। किराना जिंसों में कारोबार ठंडा-ठंडा ही रहा। चेटीचंड के उपलक्ष्य में अनाज, दलहन व तिलहन मंडी में अवकाश रहा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा सामान्य ही है। आयातित मालों में बनी तेजी से भावों में सुर्खी रही। किराना जिंसों में कारोबारी सुस्ती रही। चेटीचंड के उपलक्ष्य में अनाज, दलहन व तिलहन मंडी में अवकाश रहा। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4080-4130, खोपरा गोला 330-380, खोपरा बूरा 3800-7000 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-260, ऊंझा हल्का 265-275, मीडियम 280-295, बेस्ट 300-310, हल्दी निजामाबाद 225-250, सांगली 280-290, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1200-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 2000-2100, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 1675-1775, मीडियम 1825-1875, बेस्ट 1925-2050, एक्ट्रा बोल्ड 2250-2350, पानबार 1550-1600, बड़ी इलायची 1575-1850, बेस्ट1900-2100, तरबूज मगज 490-550, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 880-920, सिंगापुरी 820-840, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1500-1700, बेस्ट 1700-1800, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 850-1200, बेस्ट 1350-1400, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-3100, (160) 3300-3500, (200) 3900-4100, (250) 4600-5000

**तेल-** सींगदाना 1750-1770, मुम्बई 1780, राजकोट तेलिया 2750, सोया साल्वेंट 1395-1400, सोया रिफाइंड 1465-1470, कपास्या 1360-1370, धूलिया 1390-1400, कड़ी 1400,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1730, मुम्बई पाम 1430, मुम्बई सोया 1450-1460,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2275, देवास-उज्जैन 2275, खंडवा-बुरहानपुर 2250, अकोला 3525 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 6300-6600, रायडा 5700-5900, सोयाबीन 5500, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5550-5600, एवरेज 5350-5400, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5760-5800, एवरेज 5600-5700, मूंग देशी 8100-8200, पाला 8200-8300, चमकी 8300-8400, नायलोन 8300-8400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, हल्की 7000-7100, तुअर महाराष्ट्र 7800-8000, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8400-8500, शंकर 8200-8300, हल्की 8000-8100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7500-7800, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

## इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर। एजेंसी।** शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 239000, चॉंदी (99) 238000, टंच 237500, सिक्का 2800, सोना 10 ग्राम 151000,

## रुपया अपने सबसे निचले स्तर पर आया

**मुंबई। एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 71 पैसे की गिरावट के साथ ही 93.60 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 19 पैसे टूटकर अब तक के सबसे निचले स्तर 93.08 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने स्थानीय मुद्रा पर और दबाव डाला। हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक शुरुआत ने मुद्रा में और अधिक गिरावट को कुछ हद तक रोक दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, डॉलर के मुकाबले 92.92 पर खुला। हालांकि जल्द ही और गिरावट के साथ यह 93 के स्तर से नीचे चला गया तथा 93.08 प्रति डॉलर पर आ गया जो पिछले बंद भाव से 19 पैसे कम है। रुपया बुधवार को 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 फीसदी की बढ़त के साथ 100.25 पर रहा।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुंबई। एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को हल्की बढ़त बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी होने से दिन के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 325.72 अंक बढ़कर 74,532.96 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 112.35 अंक बढ़कर 23,114.50 पर बंद हुआ था। वहीं गत दिवस बाजार भारी गिरावट पर बंद हुआ था। वहीं आज बाजार में आईटी और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में तेजी रही। सूचकांकों में निफ्टी आईटी 2.17 फीसदी और निफ्टी पीएसयू बैंक 2.07 फीसदी बढ़कर लाभ में रहे। निफ्टी फार्मा 1.99 फीसदी , निफ्टी हेल्थकेयर 1.89 फीसदी , निफ्टी मेटल 1.45 फीसदी , निफ्टी कमोडिटीज 1.28 फीसदी और निफ्टी इन्फ्रा 0.96 फीसदी बढ़कर बंद हुए। वहीं निफ्टी रियल्टी 0.93 फीसदी , निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.73 फीसदी , निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.68 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.52 फीसदी की गिरावट के साथ बंद



हुआ। आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 363.20 अंक बढ़कर 54,855.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 14.35 अंक उछलकर 15,718.60 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, ट्रेंट, टाइटन, एनटीपीसी, सनफार्मा, एचसीएल टेक, इटरनल, टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, भारती एयरटेल और अदाणी पोर्ट्स के शेयर लाभ में रहे जबकि एचडीएफसी बैंक, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एलएंडटी के शेयर नीचे आये। इससे पहले आज सुबह बाजार की अच्छी शुरुआत हुई। सुबह बीएसई सेंसेक्स 790.56 अंक बढ़कर 74,997.80 पर खुला। वहीं ?निफ्टी भी 208.05 अंक चढ़कर 23,210.20 के स्तर पर पहुंच गया। । यह गिरावट पिछले 21 दिनों की सबसे बड़ी एकदिवसीय गिरावट रही। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि संघर्ष जल्द समाप्त हो सकता है और ईरान की सैन्य क्षमताएं कमजोर हो चुकी हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि इजरायल अब बिजली ढांचे को निशाना नहीं बनाएगा। वहीं डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिका फिलहाल किसी भी क्षेत्र में सैनिक नहीं भेज रहा है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को राहत, केंद्र ने रिलीफ योजना की मंजूर

**नई दिल्ली। एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सुरक्षा चिंताओं के कारण भारतीय निर्यातकों को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जोखिम बढ़ने से जहाजों को लंबा मार्ग अपनाना पड़ रहा है, ट्रांसशिपमेंट हब पर भीड़ बढ़ी है और युद्ध-जोखिम बीमा शुल्क में भारी वृद्धि हुई है। इन परिस्थितियों में निर्यात लागत बढ़ने और शिपमेंट में अनिश्चितता पैदा होने लगी है। इन समस्याओं को देखते हुए केंद्र सरकार ने रिलीफ (रिसिलेंस एंड लाजिस्टिक्स इंटरवेंशन फार एक्सपोर्ट फेसिलेसन) योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य प्रभावित निर्यातकों को वित्तीय और जोखिम सुरक्षा प्रदान करना है। योजना के पहले घटक के तहत, जिन निर्यातकों ने पहले से ईसीजीसी बीमा कवर लिया हुआ है, उन्हें 14 फरवरी से 15 मार्च 2026 के बीच भेजे गए माल पर मौजूदा कवर के ऊपर 100 प्रतिशत अतिरिक्त जोखिम सुरक्षा मिलेगी। इससे पहले से बीमित शिपमेंट को पूर्ण सुरक्षा मिल सकेगी। दूसरे घटक में, 16 मार्च से 15 जून 2026 के बीच निर्यात की योजना बना रहे निर्यातकों को ईसीजीसी कवर लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस अवधि में उन्हें मौजूदा कवर के ऊपर 95 प्रतिशत तक अतिरिक्त जोखिम सुरक्षा दी जाएगी, जिससे अनिश्चित परिस्थितियों में भी निर्यात जारी रह सके। तीसरे घटक के तहत, ऐसे एमएसएमई निर्यातकों को राहत दी जाएगी जिन्होंने बीमा नहीं लिया, लेकिन बढ़े हुए मालभाड़े और बीमा शुल्क का सामना किया। उन्हें 50 प्रतिशत तक लागत की प्रतिपूर्ति दी जाएगी, जिसकी सीमा प्रति निर्यातक 50 लाख रुपये तय की गई है।

# रसोई गैस बुकिंग में नए नियम लागू, बुकिंग के समय में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली। एजेंसी।** अब रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग पूरे दिन नहीं होगी। ग्राहकों को केवल दो तय समय स्लॉट में ही बुकिंग करनी होगी। सुबह 5 बजे से 7 बजे और रात 8 बजे से 12 बजे के बीच कॉल या मैसेज स्वीकार किए जाएंगे। सुबह 7 बजे से रात 8 बजे तक लगभग 13 घंटे बुकिंग की सुविधा बंद रहेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि सिलेंडर खत्म होने से पहले अलार्म लगाना समझदारी भरा कदम है। नई व्यवस्था में बुकिंग केवल तभी स्वीकार की जाएगी जब आपके पिछले सिलेंडर की डिलीवरी को कम से कम 25 दिन बीत चुके हों। यदि इस अवधि से पहले बुकिंग करने की कोशिश करेंगे, तो सिस्टम इसे रिजेक्ट कर देगा। इसका उद्देश्य सिलेंडर वितरण में व्यवधान को कम करना और सभी ग्राहकों तक समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। गैस कंपनियों ने डिजिटल माध्यमों से बुकिंग को सरल बनाया है। विभिन्न कंपनियों ने डिजिटल माध्यमों से बुकिंग को काफी सरल बना दिया है। भारत गैस के ग्राहक 1800224344 पर व्हाट्सऐप के जरिए एचआई भेजकर सिलेंडर मंगवा सकते हैं। इसी तरह इन्डेन गैस के लिए 75888-88824 पर रिफिल लिखकर और एचपी गैस के लिए 92222-01122 पर बुक लिखकर मैसेज करना होगा। अगर आप सामान्य एसएमएस का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो भारत गैस के लिए 77150-12345 और इन्डेन के लिए 77189-55555 पर अपना संदेश भेजकर कन्फर्मेशन प्राप्त कर सकते हैं। जिन लोगों के पास इंटरनेट नहीं है या जो व्हाट्सऐप इस्तेमाल नहीं करना चाहते, उनके लिए मिस्ड कॉल की सुविधा भी मौजूद है। भारत गैस के लिए 77180-12345, इन्डेन के लिए 84549-55555 और एचपी गैस के लिए 949360-22222 पर केवल एक कॉल देकर आप अपनी बुकिंग दर्ज करा सकते हैं। अगर आपको सिलेंडर मिलने में परेशानी हो रही है या कोई अन्य शिकायत है, तो आप टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों का सहारा ले सकते हैं। इन्डेन और एचपी गैस के लिए 18002333555 और भारत गैस के ग्राहकों के लिए 1800224344 नंबर जारी किया गया है।




**मेष-** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। हालांकि सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन फिर भी आप अपने कामों को पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने की कोशिश करेंगे। संतान के भविष्य को लेकर मन में कुछ चिंता रह सकती है, जिसके कारण आप किसी बड़े निवेश के बारे में भी सोच सकते हैं। कोई करीबी परिजन आपके सामने निवेश से जुड़ा कोई नया प्रस्ताव रख सकता है।

**वृषभ-** आज का दिन भाग्य के दृष्टिकोण से आपके लिए अच्छा साबित होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही दूरियां कम होंगी और रिश्ते में फिर से मधुरता आएगी। आप दोनों साथ में कहीं घूमने-फिरने का भी कार्यक्रम बना सकते हैं। हालांकि माता-पिता की भावनाओं का सम्मान करना भी जरूरी रहेगा, इसलिए उनसे कोई ऐसी बात न कहें जिससे उनका मन आहत हो।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रह सकता है। हालांकि आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन प्रसन्न रहेगा। काम के सिलसिले में आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। संतान की पढ़ाई को लेकर कुछ चिंता हो सकती है, ऐसे में उनके शिक्षकों से सलाह लेना फायदेमंद रहेगा।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। हालांकि आय से ज्यादा खर्च होने के कारण मन थोड़ा परेशान रह सकता है। दोस्तों और सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा, जिससे कई काम आसान हो जाएंगे। अपनी आय बढ़ाने के नए रास्तों पर भी ध्यान देना जरूरी रहेगा। मेहनत से किए गए काम ही आपको सफलता दिलाएंगे, इसलिए दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, लेकिन किसी अजनबी से अपनी निजी या जरूरी जानकारी साझा करने से बचें।

**सिंह-** आज आपको लेन-देन के मामलों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। यदि ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से मतभेद चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। घर में पूजा-पाठ या किसी धार्मिक आयोजन का माहौल बन सकता है। कुछ कामों को लेकर आप थोड़ा परेशान रह सकते हैं, लेकिन भाइयों का सहयोग आपको राहत देगा।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहेगा। आय में बढ़ोतरी होने से मन खुश रहेगा और आप अपने जरूरी खर्च भी आसानी से कर पाएंगे। परिवार में शांति और सौहार्द का माहौल बना रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपके सुझाव आपके बॉस को पसंद आ सकते हैं, जिससे आपकी सराहना भी होगी। हालांकि पड़ोस में किसी बात को लेकर विवाद की स्थिति बन सकती है, इसलिए उसमें पड़ने के बजाय शांत रहना ही समझदारी होगी।

**तुला-** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए अच्छा साबित होगा। आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे। किसी शुभ या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिल सकता है। नौकरी करने वाले लोगों को किसी बड़े फैसले को लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और किसी प्रतियोगिता में भी हिस्सा ले सकते हैं।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए सामान्य से बेहतर रहेगा। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को नई पहचान मिल सकती है और सम्मान भी प्राप्त हो सकता है। आपकी प्रतिष्ठा और साख में वृद्धि होगी। संतान आपसे किसी चीज की मांग कर सकती है, जिसे आप खुशी-खुशी पूरा करेंगे।

**धनु-** आज आय में बढ़ोतरी होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आप किसी मनोरंजन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। यदि किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले, तो पीछे न हटें। विद्यार्थियों को पढ़ाई में लापरवाही से बचना होगा, वरना आगे चलकर उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।

**मकर-** आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। यदि आपका कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो उसके पूरे होने की संभावना है। आपके नए प्रयास भी अच्छे परिणाम दे सकते हैं। आप अपने अटके हुए धन को वापस पाने की कोशिश करेंगे और इसमें सफलता भी मिल सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखने के लिए बजट बनाकर चलना जरूरी रहेगा।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपनी आय और खर्च के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। छोटे बच्चों के लिए आप कोई उपहार या जरूरी सामान खरीद सकते हैं। व्यापार में अच्छे लाभ मिलने के संकेत हैं। यदि आप किसी निवेश के बारे में सोच रहे हैं, तो विशेषज्ञ की सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। प्रॉपर्टी से जुड़े नए अवसर आपके सामने आ सकते हैं, जो भविष्य में अच्छा लाभ दे सकते हैं। भाई-बहनों का सहयोग भी आपको पूरा मिलेगा। जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना जरूरी रहेगा और आपको घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाकर चलना होगा। पार्टनरशिप में कोई नया काम शुरू करने की योजना भी बन सकती है, जो आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

## शब्दजाल - 8204

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | ल | इं | दि | रा | गां | धी | इं | ल | ज |
| र | ट | ल | दे | व | गौ | ड़ा | इं | द्र | ट | वा |
| त | स | ल | ल | र्म | छ | मो | रा | कु | ख | ह |
| च | ज | ज | बि | पु | र | रा | प | मा | ली | र |
| म | र | दो | ग | हा | लं | र | तू | र | झ | ला |
| न | क | ण | प | ह | री | जी | ना | गु | घ | ल |
| मो | अ | स | सिं | या | प | दे | श | ज | ला | ने |
| ह | ता | दा | ई | ह | ब | सा | फ | रा | श | ह |
| न | बा | चे | न | ब्रा | जी | ई | री | ल | प | रु |
| सिं | पा | ला | ल | ब | हा | दु | र | शा | स्त्री | ता |
| ह | रा | जी | व | गां | धी | रा | बा | द | प | न |

*शब्द जाल में भारत के 10 प्रधानमंत्रियों के नाम नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

जवाहरलाल नेहरु, लालबहादुर शास्त्री, चरण सिंह, मोरारजी देसाई, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, अटलबिहारी, मनमोहन सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, देवगौडा

### शब्दजाल - 8203 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दो | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रिं | शो | ना | दि | शा | आं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | ध | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | ब | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न्न | धा | क | ब | री | ग | वी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | गा | प | म | त्रां | कौ | या | हा |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| थो | झ | सा | रु | बा | घ | ब | हा | दु | र | क |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**21 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.45 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 07.19 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 08.59 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 10.57 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 13.11 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.27 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 17.39 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 19.50 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 22.04 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 00.20 बजे से |
| | | मकर | 02.25 बजे से |
| | | कुंभ | 04.12 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 80 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** तृतीया 23.57 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अश्विनी 00.38 बजे रात्र को समाप्त। **योग** इन्द्र 19.01 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 13.15 बजे तदनन्तर गर 23.57 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 1.9 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 00° 09' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872655 **जूलियन दिन** 2461120.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** सव्वाल **तारीख** 01 **विशेष** गौरी पूजा, गणगौर तीज, मत्स्य जयंती।


| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः समानता का पाठ

यह घटना उस समय की है जब फ्रांस में हेनरी चतुर्थ का शासन था। हेनरी चतुर्थ सभी नागरिकों को एक समान मानते थे और उनमें अमीरी-गरीबी, ऊंच-नीच आदि के आधार पर भेदभाव नहीं करते थे। मगर उनके दरबारी और अधिकारी इस बात को पसंद नहीं करते थे कि सम्राट सभी को समान मानते हुए उनको सम्मान दें। एक बार हेनरी चतुर्थ अपने अधिकारियों के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक भिक्षुक मिला। भिक्षुक ने बड़ी विनम्रता से अपना हैट उतारा और सिर झुकाकर सम्राट का अभिवादन किया। सम्राट ने भिक्षुक के अभिवादन का ठीक उसी तरह विनम्रता के साथ सिर झुकाकर उत्तर दिया। सम्राट का यह व्यवहार उनके एक अधिकारी को अच्छा नहीं लगा। वह तुरंत उनसे बोला, 'महामहिम, किसी साधारण भिक्षुक को उसके अभिवादन का इस प्रकार उत्तर देना आपको शोभा नहीं देता। यदि आप एक भिक्षुक को भी इस प्रकार उत्तर देंगे तो राजशाही की गरिमा को ठेस पहुंचेगी।' अधिकारी की बात सुनकर सम्राट हंस पड़े। फिर उन्होंने कहा, 'बंधु, सभ्यता और संस्कार यही बताते हैं कि हमें प्रत्येक व्यक्ति के साथ विनम्र रहना चाहिए और यदि सम्राट ही सबके साथ विनम्रता व शालीनता से पेश नहीं आएगा तो फिर प्रजा उसके साथ आदर से कैसे पेश आएगी? याद रखना, प्रजा भी अपने राजा का तभी आदर करती है जब राजा उसके साथ पूर्ण आदर व प्रेम दर्शाए। लोगों को यह लगना चाहिए कि सत्ता उनके साथ है। वह उनसे दूर नहीं है। राजशाही का अर्थ नागरिकों को आतंकित करना नहीं, बल्कि उनके भीतर आत्मविश्वास पैदा करना है। यह तभी हो सकता है जब राजा और उसके समस्त अधिकारियों का व्यवहार सामान्य लोगों से मधुर और सौहार्दपूर्ण हो। फिर हम सभी मानव पहले हैं और राजा या भिक्षुक बाद में। सबको एक समान समझकर ही राजा अपनी प्रजा के साथ न्याय कर सकता है।' हेनरी चतुर्थ का जवाब सुनकर अधिकारी लज्जित हो गया और उसने सम्राट से माफी मांगी।

## फिल्म वर्ग पहेली- 7148



**ऊपर से नीचे:-**

१.शॉवरअली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
२. 'भागे रे मन' गीत वाली फिल्म-३
३. सनी, सलमान, करीश्मा, तब्बू की फिल्म-२
४. अमिताभ, दीपक, डिम्पल, करिश्मा की 'कभी खुशियों की' गीत वाली फिल्म-४
५. 'तेरे नाम' में सलमान की नायिका थी-३
७. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
९. 'जिंदगी इम्तिहान' गीत वाली अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
१०. नागार्जुन, अमला की एक फिल्म-२
११. सुनील शेट्टी, रवीना, करिश्मा, की फिल्म-३
१३. संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की 'बेनाम सा ये दर्द' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'तुम ने दी आवाज' गीत वाली फिल्म-३
१५. सनी, अजय जडेजा, सेलिना की 'तुमको कितना है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'इस टूटे दिल' गीत वाली फिल्म-२
१७. राजेंद्रकुमार, शर्मिला टैगोर की एक फिल्म-३
१८. 'अकेले ही अकेले चला' गीत वाली दिलीपकुमार, सायरा बानो की फिल्म-२
१९. आयूब खान, आयशा जुल्का की फिल्म-३
२१. 'ऐ मेरी जिंदगी' गीत वाली जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
२२. राजकुमार, मीना की 'ठाड़े रहियो ओ बांके यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'मुझे तेरे जैसी' गीत वाली फिल्म-२
२६. मनोज बाजपेयी, अरशद, तब्बू, शीबा की फिल्म-२
२७. 'कैसे कटे दिन' गीत वाली राजेश खन्ना, गोविंदा, जूही, माधवी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अक्षय खन्ना, करीना की प्रियदर्शन निर्देशित एक कॉमेडी फिल्म-४
३. 'झिलमिल सितारों का आँगन' गीत वाली धर्मेन्द्र, राखी की फिल्म-३,२
५. अजय, नाना, फरदीन, उर्मिला, रेखा की 'ये सर्द आहें' गीत वाली फिल्म-२
६. 'जिस दिल में बसा था प्यार तेरा' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पना की फिल्म-३
८. सुनीलदत्त, नूतन की 'बड़ी देर भई नंदलाला' गीत वाली फिल्म-४
१०. 'पर्दे में रहने दो' गीत वाली धर्मेन्द्र, संजीवकुमार, आशा पारेख की फिल्म-३
१२. 'सीता और गीता' में संजीव के साथ वाली हेमामालिनी के पात्र का नाम-२
१३. 'शिकदुम शिकदुम' गीत वाली अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, ईशा देओल, रिमी सेन की फिल्म-२
१६. विकास भल्ला, काजोल की 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'आने वाला पल जाने' गीत वाली अमोल पालेकर, बिंदिया की फिल्म-४
२०. जैकी, मोहसिन खान, नीलम की 'एक तू ही मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'तेरा काम है जलना' गीत वाली राज कपूर और नर्गिस की फिल्म-२
२३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२४. सुदर्शन नाग निर्देशित सनी देओल, नीलम की १९९१ की एक फिल्म-३
२८. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'हम भूलेंगे' गीत वाली अमिताभ, अरशद, करिश्मा की फिल्म-४

### फिल्म वर्ग पहेली- 7147

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पि | या | का | घ | र | | ए | ल | ओ | सी |
| ता | श | | र | | घा | त | | म | |
| | ना | च | | चाँ | | श | खी | | फ |
| रो | | मे | हं | दी | | ज | | खा | की |
| श | मीं | ली | | सो | च | | श | | रा |
| नी | | | ब | ना | र | सी | बा | बू | |
| | ग | द | र | | स | | ना | म | |
| बा | ज | | सा | थी | | मि | | | अं |
| जा | ल | | त | | दि | ल | का | श | जा |
| र | | माँ | | मि | ल | न | | | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकु नवताल- 7457

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7456 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 | 9 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 | 3 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 |

## शब्द पहेली - 8672



**बाएँ से दाएँ**

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-4
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी -2)
8. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2,3
15. चोरी करना-2,3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

**ऊपर से नीचे**

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़ -4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

### शब्द पहेली -8671 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ल | वा | र | | वि | | |
| | क | | द्य | | अ | रा | ज | क |
| क | रा | र | | क | प | ट | | हा |
| | र | ज | त | | ना | | आं | सु |
| अ | | क | मी | ना | प | न | | नी |
| चा | बी | | ज | | न | ज | ला | |
| न | | स | वा | ल | | र | ज | त |
| क | र | ब | ला | | आ | | वा | |
| | | ल | | अ | स | बा | ब | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# पौसेरा में ट्रांसफार्मर जला: सौ से अधिक घरों में दो सप्ताह से अंधेरा, बच्चों की पढ़ाई और पेयजल व्यवस्था प्रभावित

## ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग को लेकर ग्रामीण पहुंचे बिजली ऑफिस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।**



क्षेत्र के ग्राम पौसेरा में पिछले दो सप्ताह से ट्रांसफार्मर जलने के कारण लगभग सौ से अधिक घरों में अंधेरा छाया हुआ हैं। गांव में 63 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर के जल जाने से पूरी बिजली सप्लाई बाधित हो गई है।ग्रामीण भीषण उमस भरी गर्मी और अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। रात में मच्छरों और उमस से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कई परिवारों को पेयजल और मोबाइल चार्जिंग जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए दूसरे स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्युत नहीं होने से फसलो को बचाने के लिए समस्या खड़ी हो गई है, तो दूसरी ओर खराब व जले हुए ट्रांसफार्मर से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच गई है। इन दिनों पर्याप्त बिजली आपूर्ति नहीं मिलने, केबल एवं ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से काश्तकारों व घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। समस्या को लेकर ग्राम के ग्रामीण 20 मार्च को सुबह लगभग 11 बजे दो दर्जन से अधिक ग्रामीण अपनी समस्या को लेकर बिजली विभाग तक पहुंच गए। जानकारी अनुसार लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले पौसेरा पंचायत के जरहाटोला गांव में विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को अंधेरे में जीने को विवश कर दिया है। बीते पन्द्रह दिन पूर्व गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर जल गया है। जिसकी सूचना बिजली विभाग को दिए जाने के बावजूद विभाग के तरफ से किसी तरह का पहल नहीं किया जा रहा है। इस संबंध में जरहाटोला गांव के ग्रामीणों एवं पौसेरा पंचायत के मुखिया कृष्णा पांचे द्वारा बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता को लिखित आवेदन देकर गांव में जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की गुहार भी लगाई गई है।

### किसानों को पड़ रहा है आर्थिक भार

ग्राम पौसेरा के किसानों ने बताया कि खेतो में सब्जी मिर्च और रबी धान की फसल लगाने के लिए व पौध तैयार करने के लिए अब तक करीब 40 हजार रुपए तक खर्च कर दिए है। इसी प्रकार धान की पौध तैयार करने के लिए भी एक किसाने ने कीटनाशक सहित करीब 30 हजार रुपए लगा पौध तैयार कर खेतो मे लगाई है। लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं मिलने से फसलें सूख रही है। किसान पर आर्थिक भार बढ़ रहा है।

# अवंती साधना मंच द्वारा आज मनाया जाएगा गौरव दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** अवंती साधना मंच प्रतिवर्ष विरांगना रानी अवंती बाई की पुण्यतिथि को लांजी क्षेत्र में गौरव दिवस के रुप में मनाती आ रही साथ ही प्रतिवर्ष लोधी समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाज का गौरव बढ़ाने वाले शख्सियतों का सम्मान करती है। इसी तारतम्य में इस वर्ष भी विरांगना रानी अवंती बाई के पुण्यतिथि आज 21 मार्च को क्षेत्र के ग्राम बड?गंव (म) अवंती चौक में 21 मार्च को गौरव दिवस सह प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन प्रात: 10 बजे से किया गया है। उक्त कार्यक्रम लोकेश लिल्हारे कमिश्नर आईआरएस, राजकुमार कराहे विधायक लांजी-किरनापुर, रमेश भटेरे पूर्व विधायक लांजी के मुख्यातिथ्य, माधोलाल लिल्हारे वरिष्ठ नागरिक बड?गंव की अध्यक्षता, उदयसिंह नागपुरे प्रदेश उपाध्यक्ष लोधी महासभा मप्र, अनंतलाल दमाहे राष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक, विजय बघेल, एसके गिरिया, अमर बसेना की प्रमुख अतिथि, राजा लिल्हारे, रेखा कालबेले, वेदप्रकाश लिल्हारे, विजय मस्करे, ढोंढुलाल लिल्हारे, श्रीमती माही भगत, धर्मेंद्र सिंह बैस, सोहन उपराड़े, नरेंद्र लिल्हारे, डॉ अशोक लिल्हारे, चुमेश लिल्हारे, ओमप्रकाश सिरसे, बीएल लिल्हारे, मीना दशरिया, ज्योति ईश्वर उमरे समेत अन्य के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। जानकारी में बताया गया कि उक्त कार्यक्रम में ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होंने समाज का गौरव बढ़ाया हो उन्हें सम्मानित किया जाएगा। जिनमें दसवीं और बारहवी कक्षा के विद्यार्थी जिन्होंने 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किया हो साथ ही किसी भी क्षेत्र में उपलब्धि हासिल किया हो उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।



### इन्होंने की अपील

उक्त कार्यक्रम में पहुंचने की अपील अवंती साधना मंच के अध्यक्ष ऋषि पटेल, उपाध्यक्ष टोमेश्वर बापुरे, खेमराज मच्छिरके, सचिव कृष्णकुमार लिल्हारे, कोषाध्यक्ष विजय कुमार दशरिया, तोषण मस्करे, सोहन उरोड़े, प्रमोद धामने,आयोजन ग्राम समिति रामेश्वर लिल्हारे, भरत लिल्हारे, लालजी लिल्हारे, रामप्रसाद चिखले, मनोहर चिखले, चंद्रशेखर लिल्हारे के अलावा अन्य पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने की है।

# नवरात्र पर सुभाष चौक में श्री राम सीता व हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कर की जा रही पूजा अर्चना

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** धर्म नगरी लांजी में बेटा बचाओं राष्ट्रीय अभियान एवं समस्त श्री राम भक्तों के द्वारा नवरात्रा के पावन अवसर पर नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक लांजी में भव्य श्री राम जी, माता जानकी एवं श्री हनुमान जी महाराज की प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन किया जा रहा है। यह पहली बार हुआ होगा जब कि नवरात्रा के पावन पर्व पर श्री राम दरबार की स्थापना नगर में की जाकर विधि विधान से पूजन अर्चन एवं धार्मिक आयोजन किये जा रहे। इस लिये भी यह प्रतिमाऐं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है क्योंकि सभी प्रतिमाओ के लिये अयोध्या धाम उत्तरप्रदेश की पावन भूमि से मिट्टी लाकर सभी विराजित प्रतिमाओं का निर्माण उक्त समिति के द्वारा करवाया गया है। आकर्षिक साज सज्जा एवं भव्य पण्डाल के भी प्रभु श्रीराम, माता जानकी एवं प्रभु श्री हनुमान जी के साथ विराजे है। पण्डाल परिसर में आगामी 9 दिनों श्रीराम नवमी तक विशेष पूजन अर्चन भजन संध्या, महाआरती का आयोजन किया जा रहा है साथ ही रोजाना महाप्रसाद भी समिति के द्वारा वितरित किया जा रहा है। साथ ही अयोध्या धाम की पावन धरा से लाई हुई मिट्टी भी दर्शनार्थियों को भेंट की जा रही है। बेटा बचाओं राष्ट्रीय अभियान के अध्यक्ष ईश्वर उमरे एवं सचिव तथा जिला पंचायत सदस्य ज्योति उमरे के द्वारा बताया गया कि इस संपूर्ण कार्यक्रम का मुल उद्देश्य नशा मुक्त राम राज्य का महा संकल्प, नशा हटाओं सिंदूर बचाओं, नशा एक अभिशाप है खुशियों का विनाश है आओ इस जड़ से मिटाये यही प्रभु श्रीराम की आस है। इन सभी संकल्पो के साथ उक्त श्रीराम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजनो में उपस्थिती की अपील समस्त धर्म प्रेमी गणो से अभियान के पदाधिकारियों के द्वारा की गई है।



# वीरांगना रानी अवंती बाई स्कूल, लांजी में मनाया गया 168वां गौरव दिवस





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की वीरांगना और प्रथम महिला शहीद रानी अवंती बाई लोधी के 168वें बलिदान दिवस को गौरव दिवस के रूप में वीरांगना रानी अवंती बाई स्कूल लांजी में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। रानी अवंती बाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के मनकेहणी गांव में हुआ था। वे एक साहसी और वीर बालिका थीं, जिन्होंने बचपन से ही तलवारबाजी और घुड़सवारी सीखी। विवाह के बाद रामगढ़ रियासत (वर्तमान डिंडोरी-मंडला क्षेत्र) की महारानी बनीं। 1857 के संग्राम में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ कुशल युद्ध कौशल दिखाया, अपनी सेना का नेतृत्व किया और कभी अंग्रेजों के हाथ नहीं आईं। अंत में 20 मार्च 1858 को लड़ते-लड़ते वीरगति प्राप्त की और अमर शहीद बनीं। उनके बलिदान को समाज गौरव दिवस के रूप में याद करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी अवंती बाई के छायाचित्र पर अतिथियों, शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुआ। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक रानी अवंती बाई पर आधारित देशभक्ति गीत, लोकगीत, भाषण और उनकी जीवनी प्रस्तुत की। स्कूल के प्रधान पाठक विजय कुमार कुशले ने बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि छोटे से गांव मनकेहणी में जन्मी अवंती बाई ने अपने शौर्य, वीरता और साहस से मंडला दुर्ग की महारानी बनकर 1857 के संग्राम में अंग्रेजों को चुनौती दी। वे नारी शक्ति का आदर्श हैं और उनके बलिदान से देशभक्ति की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री हिरेसिंग सैय्याम, अध्यक्ष अनिल उइके, गणमान्य नागरिक नोहरसिंह पुसाम, खेमराज मस्करे, श्रीमती सोनू डोंगरे सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं कु. पुनम नेवारे, श्रीमती प्रेमकुमारी तिडके, कु. दीक्षा कुशले, मनिषा जाम्भूरे, सुहानी सोलंकी, आंचल भण्डारकर, पूजा बल्लारखेडे, रिया भोण्डेकर, श्रीमती ज्योति भण्डारकर और श्रीमती बिन्देश्वरी किरमे ने सक्रिय योगदान दिया।

# कोटेश्वर बस्ती ने मनाया वर्ष प्रतिपदा उत्सव

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लांजी की कोटेश्वर बस्ती शाखा में वर्ष प्रतिपदा उत्सव मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक परम पूज्यनीय डॉ केशवराव बलिराम पंत हेडगेवार जी को



आद्य सरसंघचालक प्रणाम किया गया। तत्पश्चात विजय रामटेककर संघ चालक के मुख्यातिथ्य में तथा मुख्य वक्ता योगेन्द्र दहीकर खंड कार्यवाह की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता द्वारा वर्ष प्रतिपदा उत्सव पर डॉ. हेडगेवार जी के जीवन (जन्म से मृत्यु तक ) पर प्रकाश डाला गया, साथ ही प्रतिपदा का महत्व बताते हुए प्रकृति के साथ, आध्यात्मिकता के साथ तथा नक्षत्रों के साथ कैसा संयोग है विस्तार से बताया। सभी स्वयं सेवकों को हिन्दू नववर्ष की शुभकामनाएं तिलक वंदन कर प्रसादी वितरण के साथ दी गई। इस दौरान कोटेश्वर बस्ती शाखा के सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का भव्य शुभारंभए तालाब की सफाई और प्याऊ का हुआ प्रारम्भ

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर पालिका परिषद के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। जिसमे स्थानीय शंकर तालाब में स्वच्छता श्रमदान के साथ हुआ। इस अवसर पर अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने तालाब के किनारे उगी खरपतवार की छंटाई की और जल संरचना की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। वही भीषण गर्मी को देखते हुए पेयजल व्यवस्था के अंतर्गत तहसील कार्यालय परिसर में सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किया गया। इसका विधिवत शुभारंभ नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा जल ही जीवन का आधार है। इसके संरक्षण और स्वच्छता के लिए हम सभी को एकजुट होकर जिम्मेदारी निभानी होगी। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 19 मार्च से 30 जून तक चलने वाले इस अभियान के लिए दैनिक गतिविधि कैलेंडर तैयार कर लिया गया है। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जल स्रोतों में कचरा न डालें और इस पुनीत अभियान में अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे, पार्षद संदीप मिश्रा, मनोज दांदरे, मदनलाल धार्मिक, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, नायब तहसीलदार तीरथप्रसाद अक्षरिया, उपयंत्री श्रीमती अंशिका सिंह चौहान सहित नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# अब पंचायतें करेंगी एकल नल-जल योजनाओं का संचालन और संधारण

## मप्र पंचायत ग्रामीण नल जल योजना संचालन-संधारण एवं प्रबंधन नीति को मंजूरी

भोपाल। जल जीवन मिशन के तहत अब ग्रामीण क्षेत्रों में एकल नल-जल योजनाओं का संचालन और संधारण ग्राम पंचायतें करेंगी। इस नई नीति के तहत, पंचायतें नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने, बिजली बिल भुगतान, पंपमैन/वाल्वमैन की नियुक्ति और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगी, जिसका उद्देश्य योजना को टिकाऊ बनाना है। इसके लिए सरकार ने मप्र पंचायत (ग्रामीण नल जल योजना संचालन-संधारण एवं प्रबंधन नीति)-2026 को मंजूरी दे दी है। इसमें एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संबंध में प्रावधान किए गए हैं। बता दें कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की डेडलाइन मार्च, 2024 रखी थी। चूंकि इस अवधि में अधिकतर राज्यों में जल जीवन मिशन का काम पूरा नहीं हो पाया। इस कारण केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन 2.0 के रूप में पुनर्गठित कर देश में मिशन की अवधि दिसंबर, 2028 तक बढ़ा दी है।

जानकारी के अनुसार, दिल्ली के निर्देश पर दस महीने की लंबी कवायद के बाद प्रदेश में एकल नल जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण का मामला सुलझ गया है। गुजरात की तर्ज पर मप्र में भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एव संधारण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों की होगी। इसमें एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण के संबंध में प्रावधान किए गए हैं। नई नीति के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक समिति गठित की जाएगी, जो एकल नल-जल योजनाओं की पूरी जिम्मेदारी संभालेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने नई नीति को मंजूरी मिलने के बाद इसके क्रियान्वयन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल जीवन मिशन में दो तरह की योजनाओं (एकल और समूह नल-जल) पर काम चल रहा है। प्रदेश में एकल नल-जल योजनाओं की संख्या 28 हजार से ज्यादा है। एकल नल-जल योजनाओं का 97 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। अप्रैल तक एकल नल-जल योजनाओं का काम पूरा कर लिया जाएगा। समूह नल-जल योजनाओं की कुल संख्या 147 है। समूह नल-जल योजनाओं का करीब 68 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। समूह नल-जल योजनाओं का काम पूरा करने की डेडलाइन मार्च, 2027 निर्धारित है।



### दो विभागों में फंसा था मामला

आधिकारिक जानकारी के अनुसार पिछले साल मई से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के शीर्ष अधिकारियों के बीच एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग चाहता था कि एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी जाए, जबकि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एक अलग एजेंसी गठित कर उसे एकल नल-जल योजनाओं के मेंटेनेंस का काम सौंपने की बात कह रहा था। इसके बाद यह मामला मुख्य सचिव के पास पहुंचा। फिर दोनों विभागों के मंत्रियों के बीच इस मुद्दे पर चर्चा हुई, पर बात नहीं बनी। इसके बाद अगस्त, 2025 में यह मामला मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास पहुंचा। उन्होंने मुख्य सचिव, दोनों विभागों के मंत्रियों और अफसरों के साथ बैठक कर इस संबंध में जरूरी निर्देश दिए।

### गुजरात के फॉमूले को अपनाया जाएगा

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पीएचई और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग इस दिशा में आगे की कार्रवाई कर रहे थे कि गत जनवरी में दिल्ली (जल शक्ति मंत्रालय) से निर्देश आ गए कि गुजरात की तर्ज पर मप्र में एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की पूरी जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी जाए, क्योंकि गुजरात में ग्राम पंचायतें इस काम को सफलतापूर्वक कर रही हैं। सूत्रों का कहना है कि भाजपा शासित अन्य राज्यों में भी ग्राम पंचायते ही एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण का काम संभालेंगी। इसके बाद फरवरी में कैबिनेट ने मप्र पंचायत (ग्रामीण नल जल योजना संचालन संधारण एवं प्रबंधन नीति)-2026 को मंजूरी दे दी। दरअसल, जल जीवन मिशन की पॉलिसी में स्पष्ट प्रावधान है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद समूह नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण की जिम्मेदारी 10 साल तक संबंधित ठेकेदार की होगी, लेकिन एकल नल-जल योजनाओं के संचालन एवं संधारण को लेकर पॉलिसी में कोई प्रावधान नहीं है।

# संगठन को धार देने की तैयारी में जुटी कांग्रेस

### - पार्टी ने जिला स्तर पर शुरू किया विस्तार

भोपाल। दिल्ली में हुई अहम बैठक के बाद मध्यप्रदेश कांग्रेस ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया तेज कर दी है। लंबे इंतजार के बाद अब जिला कार्यकारिणी की घोषणा शुरू हो गई है और नवरात्र के अंदर अधिकांश जिलों में नई टीम सामने आ जाएगी। दो दिन तक चली मंथन बैठक में संगठन को मजबूत करने की रणनीति तय हुई। इसके तुरंत बाद जिला कार्यकारिणी घोषित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पार्टी नेतृत्व ने साफ संकेत दिए हैं कि अब देरी बर्दाश्त नहीं होगी।



जिला अध्यक्षों की नियुक्ति तो पहले ही हो चुकी थी, लेकिन कार्यकारिणी घोषित न होने से सवाल उठ रहे थे। कुछ जिलों में सूची जारी हुई भी, लेकिन पदों की संख्या ज्यादा होने पर उन्हें निरस्त करना पड़ा। अब नई गाइडलाइन के तहत संतुलित टीम बनाई जा रही है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक नवरात्रि के भीतर अधिकांश जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी। इसे आगामी चुनावों की तैयारी से जोड़कर देखा जा रहा है। जबलपुर ग्रामीण, श्योपुर, कटनी शहर और बड़वानी जिलों की नई कार्यकारिणी घोषित की जा चुकी है। ये नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर की गई हैं।

### जमीनी स्तर पर भी संगठन मजबूत

संगठन विस्तार के तहत 88 नगर अध्यक्ष और 21 मंडल अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। इसका मकसद बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत करना है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और संगठन प्रभारी हरीश चौधरी लगातार प्रदेश का दौरा कर रहे हैं। उनका फोकस बूथ स्तर पर नेटवर्क मजबूत करने और कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने पर है।

# छठे राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष बने जयभान सिंह पवैया

भोपाल। जयभान सिंह पवैया को मध्य प्रदेश के छठे राज्य वित्त आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने नियुक्ति के साथ उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया है। यह फैसला राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पवैया लंबे समय से सक्रिय राजनीति में अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रहे थे, इसके बाद उनकी यह नियुक्ति एक अहम वापसी के रूप में देखी जा रही है। बात दें कि पवैया ग्वालियर से लोकसभा सांसद रह चुके हैं और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में गिने जाते हैं। उनके साथ आयोग में पूर्व आईएएस के.के. सिंह को सदस्य और विधानसभा के पूर्व एडिशनल सेक्रेटरी वीरेंद्र कुमार को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। वीरेंद्र कुमार वित्त विभाग में भी महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। यह राज्य सरकार द्वारा आयोगों और संस्थाओं में की गई पहली प्रमुख राजनीतिक नियुक्ति मानी जा रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि सरकार अनुभव और प्रशासनिक दक्षता के संतुलन पर जोर दे रही है। यह आयोग राज्य के वित्तीय संसाधनों के वितरण और स्थानीय निकायों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# निकाय चुनाव के लिए सालभर पहले कांग्रेस तलाशेगी संभावित प्रत्याशी

## - 2022 के चुनाव में कई निकायों में प्रत्याशी नहीं मिले थे

भोपाल । मध्य प्रदेश में नगरीय निकाय के चुनाव वर्ष 2027 में होने हैं। पिछले चुनावों के अनुभव से सबक लेते हुए प्रदेश कांग्रेस सालभर पहले यानी अभी से संभावित प्रत्याशी की तलाश करेगी। आरक्षण की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशी तलाशे जाएंगे। इस काम में मोहल्ला, पंचायत और वार्ड समितियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इनके द्वारा जो नाम प्रस्तावित किए जाएंगे, उन्हें गुण-दोष के आधार पर ब्लाक और जिला कांग्रेस परखेगी। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया जा रहा है क्योंकि वर्ष 2022 के चुनाव में कई निकायों के लिए पार्टी को प्रत्याशी ही नहीं मिले थे और भाजपा के उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण हैं क्योंकि इससे 2028 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए जनता का मूड पता चल जाएगा।

वर्ष 2022 में हुए नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार कांग्रेस के पांच महापौर (मुरैना, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, जबलपुर और रीवा) चुने गए थे। ग्वालियर, चंबल और छिंदवाड़ा क्षेत्र में कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में बढ़त भी मिली थी। चूंकि, नगरीय निकायों के चुनाव से प्रदेश में एक प्रकार से चुनावों की शुरुआत हो जाएगी, इसलिए पार्टी इन्हें गंभीरता से ले रही है। संगठन सृजन अभियान के तीसरे चरण में मंडल, पंचायत, वार्ड और फिर मोहल्ला समितियां का गठन किया जा रहा है। यह पार्टी की बूथ पर मोर्चा संभालने वाली इकाइयां होंगी। इसके साथ-साथ पार्टी ने अभी से नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी भी प्रारंभ करने की कार्ययोजना बनाई है। नगरीय निकाय चुनाव दलीय आधार पर होते हैं इसलिए प्रत्याशी चयन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तय किया गया है कि मोहल्ला स्तर तक समितियां गठित होने के बाद इस दिशा में काम प्रारंभ कर दिया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि हमने दो साल में बूथ स्तर तक संगठन के सशक्तीकरण का काम किया है। निकाय चुनाव के लिए प्रत्याशी पहले ही तय कर लेंगे।

### निकाय चुनाव के लिए भी प्रभारी होंगे नियुक्त

सूत्रों का कहना है कि एक साल पूर्व प्रत्याशियों को तलाशने के अलावा प्रत्याशियों का भी पैनल रहेगा ताकि कोई टूट-फूट होती है तो भी विकल्प मौजूद रहे। दरअसल, पिछले चुनाव में नाम वापसी के बाद कुछ प्रत्याशी मैदान से हट गए थे जिसके कारण कांग्रेस के पास निर्दलीयों को समर्थन देने के अलावा कोई विकल्प ही नहीं रह गया था। इसका परिणाम यह हुआ कि पार्टी के अन्य प्रत्याशी भी माहौल खराब होने के कारण हार गए थे। पार्टी पदाधिकारी का कहना है कि नगरीय निकाय चुनाव के लिए अलग से प्रभारी नियुक्त किए जाएंगे। इनका काम केवल नगरीय निकाय चुनाव पर फोकस करने का रहेगा। स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक और प्रदेश पदाधिकारी को एक एक निकाय की जिम्मेदारी से की जाएगी। कांग्रेस के जगत प्रताप सिंह जबलपुर और मुरैना से शारदा सोलंकी महापौर चुने गए थे। दोनों भाजपा में शामिल हो गए।

# आदिवासी क्षेत्रों में कांग्रेस की नई रणनीति

### - कथा वाचक मोहित नागर की एंट्री से धार्मिक-सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश

भोपाल। मध्य प्रदेश में चुनावी सरगर्मियों के बीच कांग्रेस ने आदिवासी क्षेत्रों में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। झाबुआ के प्रसिद्ध कथा वाचक मोहित नागर ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उन्हें भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी की सदस्यता दिलाई। कांग्रेस में शामिल होने के बाद मोहित नागर ने आदिवासी समाज को लेकर बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज सनातन का अनुयायी है। उन्होंने यह भी दावा किया कि वे अब तक 10 से 15 हजार आदिवासियों को दीक्षा दे चुके हैं और आदिवासी क्षेत्रों में नियमित रूप से भागवत कथाएं करते हैं। उन्होंने अपने बयान में रामचरितमानस का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे माता शबरी ने भगवान राम का इंतजार किया, वैसे ही आदिवासी समाज की आस्था भी गहरी और जुड़ी हुई है। राजनीतिक रूप से इस घटनाक्रम को कांग्रेस की एक सुनियोजित रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी आदिवासी वोट बैंक को साधने के लिए धार्मिक और सामाजिक प्रभाव वाले चेहरों को साथ जोड़ रही है। मोहित नागर का प्रभाव खासतौर पर झाबुआ, अलीराजपुर, डिंडोरी और आगर मालवा जैसे आदिवासी बहुल जिलों में माना जाता है, जहां वे लंबे समय से धार्मिक आयोजनों के जरिए सक्रिय रहे हैं।

# अग्निवीर भर्ती के लिए इस बार रिकॉर्ड आवेदन

भोपाल। भारतीय सेना में अग्निवीर बनने का प्रदेश के 10 जिलों के युवाओं के सिर चढ़कर बोल रहा है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है कि इस साल अग्निवीर भर्ती के लिए होने वाले ऑनलाइन आवेदनों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब तक ऑनलाइन आवेदन की संख्या 27 हजार 356 तक पहुंच गई है। एक अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन होंगे यानी अब भी 13 दिन शेष हैं। सेना भर्ती कार्यालय के आंकड़े बताते हैं कि इस बार ग्वालियर और चंबल अंचल के युवाओं में सेना की वर्दी के प्रति दीवानगी और बढ़ रही है।

अग्निवीर के प्रति बढ़ते रुझान से सेना के अधिकारी भी उत्साहित हैं। इस साल सेना में अधिक संख्या में सैनिक सेवानिवृत्त हुए, इससे सेना की हर यूनिट में रिक्तियाँ अधिक हैं। आकलन के मुताबिक अकेले ग्वालियर सेना भर्ती कार्यालय को ही करीब दो हजार अग्निवीरों की रिक्तियों पर भर्ती करनी है। सेना के अधिकारियों के मुताबिक, जब अभ्यर्थी अधिक होंगे तो मैदान से लेकर लिखित परीक्षा तक में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इससे कट-ऑफ ऊपर जाएगा और कुशल व ऊर्जावान अग्निवीर सेना को मिलेंगे, जो तकनीकी रूप से भी मजबूत होंगे।

### जिलावार आवेदनों का विवरण

| जिला | आवेदन संख्या |
|---|---|
| मुरैना | 8983 |
| भिंड | 5520 |
| शिवपुरी | 3303 |
| ग्वालियर | 2970 |
| सागर | 1826 |
| टीकमगढ़ | 1612 |
| दतिया | 1052 |
| छतरपुर | 887 |
| निवाड़ी | 854 |
| श्योपुर | 349 |
| कुल | 27356 |

# पुलिस आरक्षक भर्ती में भारी गड़बड़ी

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की पुलिस परीक्षा भर्ती 2025 में संपन्न हुई थी। इस परीक्षा में संगठित रूप से नकल की संगठित साजिश का खुलासा हुआ है। 7500 पुलिस कर्मियों की भर्ती के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। यह परीक्षा ऑनलाइन संपन्न हुई थी।इस परीक्षा में 14 अभ्यर्थियों ने गणित और रिजनिंग के कठिन सवाल मात्र दो-तीन सेकंड में हल कर लिए थे। इसको लेकर परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगे थे। इस मामले की जांच के लिए सेवानिवृत आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की एक कमेटी बनाई गई थी. इस कमेटी ने एआई से मिले डाटा का विश्लेषण किया। इन सभी 14 अभ्यर्थियों का एक ही केंद्र था। इन परीक्षार्थियों ने कई शिफ्टों में परीक्षा देने का खुलासा हुआ है। इस गड़बड़ी की सीसीटीवी फुटेज से भी पुष्टि हुई है। स्टेट साइबर सेल ने अब इस मामले में कुछ और जानकारी मांगी है। इस जानकारी के बाद कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है,7500 पदों के लिए 30 अक्टूबर और 15 दिसंबर 2025 को परीक्षा आयोजित की गई थी। जनवरी 2026 में परिणाम घोषित कर दिए गए थे। इस परीक्षा में 9,79,357 परीक्षार्थी बैठे थे।

# पुलिस सैलरी पैकेज बना सहारा!

### - दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को 1-1 करोड़ की सहायता

भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाएं अब कठिन समय में उनके परिवारों के लिए मजबूत सहारा बन रही हैं। हाल ही में बड़वानी और मुरैना में दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों को भारतीय स्टेट बैंक की पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक-एक करोड़ रुपए की बीमा सहायता राशि प्रदान की गई। बड़वानी जिले में पदस्थ आरक्षक स्वर्गीय जयेश वर्मा का एक दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया था। उनका वेतन खाता एसबीआई की अंजड़ शाखा में पुलिस सैलरी पैकेज से जुड़ा हुआ था। इसी के तहत उनके नामांकित उत्तराधिकारी को 1 करोड़ रुपये की दुर्घटना बीमा राशि दी गई। पुलिस अधीक्षक पद्मविलोचन शुक्ल ने परिजनों को चेक सौंपते हुए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इसी तरह, सागर जिले में हुई एक सडक़ दुर्घटना में बीडीडीएस टीम के पुलिसकर्मियों के निधन के बाद मुरैना में आरक्षक स्वर्गीय प्रद्युम्न दीक्षित और आरक्षक स्वर्गीय अनिल कौरव के परिजनों को भी इस योजना के तहत एक-एक करोड़ रुपये की सहायता दी गई। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने परिजनों को चेक सौंपकर संवेदना व्यक्त की। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज के माध्यम से कर्मचारियों को कई वित्तीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसमें आकस्मिक मृत्यु पर 1 करोड़ रुपये तक का बीमा कवर, रियायती दरों पर होम लोन, मुफ्त डेबिट कार्ड और परिवार के लिए अतिरिक्त बीमा सुरक्षा शामिल है।

# सोशल मीडिया पर जानकारी साझा करने पर शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

भोपाल। सीबीएसई बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के बीच सख्त चेतावनी जारी की है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया की गोपनीयता भंग करने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी फैलाने पर शिक्षकों और संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें एफआईआर तक दर्ज हो सकती है। बोर्ड के अनुसार कुछ शिक्षक और कर्मचारी व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म पर कॉपी जांच से जुड़े अनुभव, अंक या फोटो साझा कर रहे हैं। सीबीएसई ने इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए साफ किया है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह गोपनीय होती है और इसका सार्वजनिक प्रसार नियमों के खिलाफ है।

### आईटी एक्ट के तहत हो सकती है कार्रवाई

सीबीएसई ने केंद्र समन्वयकों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी मूल्यांकनकर्ताओं को इस संबंध में सतर्क करें। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि तथ्यों को तोड़-मरोडक़र पेश करना या गलत जानकारी फैलाना आईटी एक्ट के तहत अपराध माना जाएगा और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### फेक अपडेट पर भी सख्ती

बोर्ड ने यह भी कहा कि कुछ यूट्यूबर्स और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स फर्जी तरीके से सीबीएसई का नाम, लोगो और तस्वीरों का इस्तेमाल कर गलत जानकारी फैला रहे हैं। ऐसे मामलों पर साइबर सेल की नजर है और जरूरत पडऩे पर सीधे एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### शिक्षकों के करियर पर पड़ सकता है असर

सीबीएसई ने साफ किया है कि यदि कोई शिक्षक उत्तरपुस्तिका की फोटो शेयर करता है या अंकों पर सार्वजनिक चर्चा करता है, तो इसे प्रोफेशनल कंडक्ट का उल्लंघन माना जाएगा। इससे उनकी सेवा रिकॉर्ड पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। बोर्ड ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे रिजल्ट या परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी के लिए केवल आधिकारिक वेबसाइट पर ही भरोसा करें और सोशल मीडिया पर वायरल खबरों से बचें।

### पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा...

# मेरे अलावा कोई भी राज्यसभा जाएगा

भोपाल। भोपाल में पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने खुद को राज्यसभा की रेस से अलग कर लिया है। जीतू पटवारी ने राज्यसभा उम्मीदवार को लेकर कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष का पद जिम्मेदारी का पद होता है। काम के लिए 24 घंटे भी कम पड़ते हैं। इस तरह की जिम्मेदारी का ये पद है। तो मेरे अलावा कोई भी साथी होगा वो सौ प्रतिशत राज्यसभा जाएगा। मीडिया और बीजेपी चिंतित होते हैं दोनों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। जीतू पटवारी से पत्रकारों ने पूछा कि क्या दिग्विजय सिंह राज्यसभा के उम्मीदवार हो सकते हैं तो उन्होंने कहा-बिल्कुल हो सकते हैं ये पार्टी निर्णय करेगी।

बता दें कि एमपी में जून में खाली हो रही राज्यसभा की सीट को लेकर चिंतन और मंथन का दौर चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा की विधानसभा सदस्यता बरकरार रखी लेकिन राज्यसभा चुनाव में मतदान का अधिकार नहीं दिया। ऐसे में राज्यसभा उम्मीदवारों को हरियाणा, ओडिशा, बिहार जैसे राज्यों में हुई क्रॉसवोटिंग के बाद एमपी में भी अंदरखाने टेंशन है।

### बहनों के साथ लाड़ली बहना एक तरह का छल

पटवारी ने कहा कि पूरे मप्र और देश में भयावहता है। महंगाई हर घर के चूल्हे को ग्रसित कर रही है। बहनों के साथ लाड़ली बहना एक तरह से छल था। तीन हजार रुपए का वादा करके 1500 रुपए देना। एक करोड़ बहनों को देना और तीन करोड़ बहनों को छोड़ देना। मप्र में चार करोड़ बहनें हैं जिनसे 3 हजार रुपए महीना देने का वादा था। ये सरकार का छल है। मप्र में बेरोजगारी भयावह है। शिवराज और मोहन यादव की सरकार में रोजगार के सपने दिखाए गए। मप्र बेरोजगार युवाओं का गढ़ बन गया। बैकलॉग के पद हों या सामूहिक विवाह की योजना, विधवा पेंशन मात्र 600 रुपए मिल रहे हैं। मप्र कर्ज में डूबता प्रदेश बन गया है। आज फिर कर्ज लेने की तैयारी है। परसों कर्ज लिया था। कर्ज का बढ़ता बोझ मप्र के युवाओं के सपनों पर भारी पड़ रहा है।

### शिक्षकों को परीक्षा के नाम से डराया जा रहा

जीतू पटवारी ने कहा कि स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की क्वालिटी जीरो है। शिक्षकों की कमी हो रही है। अतिथि शिक्षकों, विद्धानों से रेगुलर करने का वादा अधूरा है। शिक्षकों के मन में फिर से एग्जाम देने का डर पैदा कर दिया। नए-नए नवाचार होते हैं तो शिक्षकों को भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। मैं जब एजुकेशन मिनिस्टर था तब मैंने शिक्षकों के ट्रेनिंग की प्रोसेस चालू की थी। हमने प्रोफेसर्स को हर साल प्रशिक्षित करने का सिस्टम बनाया था वो अब बंद हो गया। फिर से शिक्षकों को एग्जाम देने की बात कहकर डराया जा रहा है।

# 1 अप्रैल से लागू होंगी सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें

## – स्थानीय निकायों को राशि आवंटन पर संशय

भोपाल। देशभर में पंचायती राज संस्थाओं और नगरीय निकायों के वित्तीय सशक्तिकरण के लिए सोलहवें वित्त आयोग की सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से लागू होने जा रही हैं। लेकिन मध्यप्रदेश में इन सिफारिशों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि राज्य सरकार अब तक छठे राज्य वित्त आयोग का गठन नहीं कर पाई है।

सोलहवें वित्त आयोग ने 2026-31 की अवधि के लिए देशभर के ग्रामीण और शहरी निकायों को कुल 7.91 लाख करोड़ रुपए से अधिक देने की सिफारिश की है। इसमें से 4.35 लाख करोड़ ग्रामीण निकायों और करीब 3.56 लाख करोड़ नगरीय निकायों के लिए प्रस्तावित हैं। इन सिफारिशों का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर विकास कार्यों को गति देना और बुनियादी सेवाओं को मजबूत करना है। मध्य प्रदेश में इन सिफारिशों के अनुरूप राशि वितरण के लिए राज्य वित्त आयोग की सिफारिशें जरूरी होती हैं। यही आयोग राज्य के विभाजनीय कोष से पंचायतों और नगर निकायों के बीच धन के बंटवारे का आधार तय करता है। लेकिन आयोग के गठन में हो रही देरी से स्थानीय निकायों को समय पर राशि आवंटन में दिक्कत आ सकती है।

### राज्यपाल की स्वीकृति के बाद ही आयोग का गठन संभव होगा

जानकारी के अनुसार, राज्य के वित्त विभाग ने छठे राज्य वित्त आयोग के गठन का प्रस्ताव अगस्त 2025 में मुख्यमंत्री सचिवालय को भेजा था। वहां से यह प्रस्ताव राजभवन पहुंच चुका है, लेकिन आठ महीने बाद भी आयोग के गठन को मंजूरी नहीं मिल पाई है। अब राज्यपाल की स्वीकृति के बाद ही आयोग का गठन संभव होगा। वित्त विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यदि जल्द आयोग का गठन नहीं होता, तो वर्ष 2026-27 के लिए राशि का आवंटन पांचवें राज्य वित्त आयोग की सिफारिशों के आधार पर किया जा सकता है। हालांकि यह केवल एक अस्थायी व्यवस्था होगी।

### क्या है राज्य वित्त आयोग की भूमिका?

राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसका गठन संविधान के अनुच्छेद 243-आई के तहत हर पांच साल में किया जाता है। इसका मुख्य काम पंचायतों और नगर निकायों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना और राज्य के कर राजस्व (विभाजनीय कोष) में से उनके हिस्से की सिफारिश करना होता है। आयोग स्थानीय निकायों को संसाधनों के बेहतर उपयोग, सेवाओं में सुधार और जवाबदेही बढ़ाने के लिए भी दिशा-निर्देश देता है। इसकी सिफारिशों के आधार पर स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी बुनियादी सेवाओं को मजबूत किया जाता है।

### प्रक्रिया में छह महीने लग सकते हैं

विशेषज्ञों के मुताबिक, आयोग के गठन के बाद उसकी रिपोर्ट तैयार होने और उसे लागू करने में छह महीने से अधिक का समय लग सकता है। ऐसे में यदि जल्द निर्णय नहीं हुआ, तो नई वित्तीय व्यवस्था लागू होने में देरी तय मानी जा रही है। आयोग की संरचना राज्य वित्त आयोग में एक अध्यक्ष और अधिकतम चार सदस्य होते हैं, जिन्हें राज्यपाल की अनुशंसा पर सरकार नियुक्त करती है। आमतौर पर आयोग का अध्यक्ष अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी या वित्त विशेषज्ञ होता है। आयोग अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपता है, जिसे बाद में विधानसभा में पेश कर लागू किया जाता है।

पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव

12

बालाघाट एक्सप्रेस

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## न्यूज गैलरी

### ससुर और बहू के बीच तकरार

#### दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने का लगाया आरोप

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम पल्हेरा में ससुर बहू के बीच तकरार हो गई और दोनों ने एक दूसरे पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाए। 19 मार्च को 4:30 बजे करीब यह घटना पारिवारिक विवाद के चलते हुई। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर देवलाल पिता गेंदलाल राहंगडाले 66 वर्ष और उनकी बहू नेहा पति मनीष राहंगडाले 28 वर्ष के विरुद्ध मामला कायम कर जांच शुरू की है।

मिली जानकारी के अनुसार देवलाल राहंगडाले ग्राम पंचायत पल्हेरा भूतपूर्व सरपंच है और उनकी बहू नेहा राहंगडाले इसी ग्राम पंचायत की वर्तमान पंच है। जिनके दो बच्चे हैं।जिनमे बड़े बेटे की उम्र 8 साल की है और एक लड़की तीन वर्ष की है। 2 वर्ष पूर्व नेहा राहंगडाले पति से विवाद होने पर वह अपने 3 वर्ष की बेटी के साथ अपने पति और ससुराल से अलग ग्राम कनेरी में किराए में रहती है। जिनका बेटा पति सास ससुर के साथ में ग्राम पल्हेरा में ही रहता है। नेहा राहंगडाले पंच होने के कारण वह समय समय पर पंचायत की मीटिंग में आते रहती है। 19 मार्च को ग्राम पंचायत पल्हेरा में जल संवर्धन योजना की मीटिंग रखी गई थी। इस मीटिंग में नेहा राहंगडाले आई हुई थी मीटिंग खत्म होने के बाद 4:30 बजे करीब नेहा राहंगडाले अपने बेटे से मिलने के लिए अपने ससुराल गई और अपने बेटे को आवाज देकर अपनी तरफ बुलाई किंतु ससुर ने उसे आंगन में ही रोक लिया और नेहा को बोला कि यहां क्यों आई है कहकर गालिया देने लगा। नेहा ने आरोप लगाई है कि गाली देने मना करने पर ससुर ने हाथ झापड़ से मारपीट किया और और दोबारा घर आने पर उसे जान से मार डालने की धमकी दी वहीं देवलाल राहंगडाले ने अपनी बहू नेहा राहंगडाले पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए और बेटे को मेरे खिलाफ सीखा पड़ा करने पर जान से मार डालने की धमकी दी। मौके पर उपस्थित लोगों के द्वारा बीच बचाव करने के बाद दोनों ससुर और बहू एक दूसरे के विरुद्ध रिपोर्ट करने किरनापुर पुलिस थाना पहुंचे। किरनापुर पुलिस ने दोनों के द्वारा की गई रिपोर्ट पर नेहा राहंगडाले और उसके ससुर देवलाल राहंगडाले के विरुद्ध अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मार डालने की धमकी देने के आरोप में भारतीय न्याय संहिता की संबंधी धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है।

# गर्रा में दूसरे दिन भी चला प्रशासन का बुलडोजर

## अतिक्रमण कर बनाए जा रहे मंदिर को किया ध्वस्त, शासकीय भूमि कराई मुक्त






सिटी रिपोर्टर।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**ग्राम पंचायत गर्रा चौक में शासकीय भूमि पर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। शनिवार को भी बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहा और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई को आगे बढ़ाया गया। जहाँ एक दिन पहले ही प्रशासन द्वारा निर्माणाधीन मंदिर से दुर्गा जी सहित अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों को विधि-विधान के साथ हटाकर अन्य स्थान पर स्थापित कर दिया गया था। इसके बाद दूसरे दिन मंदिर की बन रही इमारत पर कार्रवाई करते हुए जेसीबी और पोकलेन मशीन की मदद से उसे पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की कार्रवाई लगातार जारी रही। इस दौरान किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रखा गया था।कार्रवाई के चलते क्षेत्र में दिनभर हलचल बनी रही, वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।**

ग्राम पंचायत गर्रा चौक में दुर्गा प्रतिमा स्थापना को लेकर उपजे विवाद के बाद दूसरे दिन 20 मार्च को भी प्रशासन ने सख्त कार्रवाई जारी रखी। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर बनाए जा रहे मंदिर को पूरी तरह ध्वस्त कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। ज्ञात हो कि 19 मार्च को कुछ ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर मंदिर निर्माण कर मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित कर दी गई थीं। शिकायत के बाद जिला प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इसे अतिक्रमण मानते हुए कार्रवाई की थी। उसी दिन देर रात तक प्रतिमाओं को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हटाकर अन्य मंदिर में स्थापित कर दिया गया था। इसके बाद 20 मार्च को प्रशासन ने दोबारा कार्रवाई करते हुए निर्माणाधीन मंदिर को हटाने की प्रक्रिया शुरू की। पहले जेसीबी मशीन से भवन को तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन जब उससे सफलता नहीं मिली तो पोकलेन मशीन की मदद से दोपहर तक पूरे निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान गर्रा चौक पूरी तरह पुलिस छावनी में तब्दील रहा। सुबह से ही बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं वरिष्ठ अधिकारी मौके पर तैनात रहे। वहीं राजस्व विभाग की टीम, तहसीलदार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे और पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद शासकीय भूमि को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कर लिया गया है। पूरे घटनाक्रम के दौरान स्थिति को नियंत्रित बनाए रखने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। गर्रा चौक स्थित निर्माणाधीन मंदिर में स्थापित की गई मां दुर्गा सहित अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को जिला प्रशासन ने नियमानुसार हटाने के बाद 19 मार्च की देर रात प्रशासनिक टीम द्वारा इन प्रतिमाओं को रामपायली स्थित मंदिर में ले जाया गया, जहां हिंदू रीति-रिवाज और विधि-विधान के साथ विधिवत पुनः प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। बताया गया कि पूरी प्रक्रिया धार्मिक मान्यताओं का पालन करते हुए संपन्न कराई गई, ताकि किसी की आस्था को ठेस न पहुंचे। प्रशासन की मौजूदगी में पंडितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमाओं को नए स्थल पर विराजित किया गया।

### मोहगांव बाजार से दिनदहाड़े बाइक चोरी


**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** जिले के मलाजखंड थाना क्षेत्र अंतर्गत नगरपालिका मोहगांव बाजार में एक बार फिर चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। 19 मार्च की शाम ग्राम देवरी निवासी विनोद मालाधारी सब्जी खरीदने मोहगांव बाजार पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक बाजार में खड़ी कर दी और सब्जी लेने लगे।कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। बाइक नहीं मिलने पर उन्हें चोरी का अंदेशा हुआ।जिसके बाद उन्होंने तुरंत डायल 112 पर कॉल कर मलाजखंड पुलिस को पूरी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि यह मलाजखंड थाना क्षेत्र में पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बड़ी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन अब तक चोर पुलिस की पकड़ से दूर हैं। विनोद मालाधारी ने बताया कि वह एक गरीब परिवार से हैं और अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करते हैं। उनकी बाइक चोरी हो जाने से उनके दैनिक जीवन पर गहरा असर पड़ा है। मोहगांव बाजार से चोरी हुई बाइक का नंबर ष्त्र 09 छ्व 9683। बताया गया है।

## विद्युत करंट से दो युवक की मौत के मामले में कृषक टेकचंद बिठोले गिरफ्तार



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाने के रजेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले बोडुंदा कला में दो युवक की विद्युत करेंट से मौत होने के मामले में इसी ग्राम के कृषक टेकचंद पिता कारू बिठोले 51 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया। इस आरोपी के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अपराध दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि ग्राम बोडुंदा कला में 19 मार्च की सुबह करीब 10 बजे चार युवक तोते की तलाश में घर से निकले थे। इसी दौरान प्यास लगने पर वे पानी पीने के लिए टेकचंद बिठोले के खेत के कुएं तरफ जा रहे थे। जैसे ही वे खेत के झा? के पास गये । करेंटयुक्त तार की चपेट में आ गए।जिससे दोनों युवक स्नेहल और उज्जवल की मौके पर ही मौत हो गई थी।इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई और देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही किरनापुर थाने की रजेगांव पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवक के शव को अपने कब्जे में लेकर किरनापुर अस्पताल ले गयेऔर और दोनों युवक का शव पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया था। मर्ग जांच के दौरान यह सामने आया कि ट`कच ंद बिठोले ने अपने खेत में जंगली जानवरों से फसल बचाने के लिए खुले जीआई तार लगाए थे। उसने इन तारों को अपने खेत के विद्युत कनेक्शन के मेन स्विच से जोड़कर उनमें करंट प्रवाहित कर रखा था। टेकचंद बिठोले को यह जानकारी थी कि ऐसे करंटयुक्त तार किसी भी व्यक्ति के लिए जानलेवा हो सकते हैं। इसके बावजूद उसने लापरवाही बरती।मर्ग जांच उपरांत टेकचंद बिठोले के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट